


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

वर्ष 03, अंक 265 | ग्वालियर, सोमवार 28 सितम्बर 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8




## न्यूज़ ट्रैक

### जिस गठबंधन में शिवसेना और अकाली दल नहीं, मैं उसे एनडीए नहीं मानता

**नई दिल्ली।** कृषि से जुड़े बिलों के विरोध में पहले हरसिमरत कौर बादल ने नरेंद्र मोदी कैबिनेट से इस्तीफा दिया। इसके बाद कल अकील दन ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) से अपना नाता तोड़ लिया। इसके बाद शिवसेना ने एनडीए के अस्तित्व पर ही सवाल खड़ा कर दिया है। राज्यसभा में शिवसेना सांसद संजय राउत ने कहा, मजबूत स्तंभ शिवसेना और अकाली दल थे। शिवसेना को मजबूरन बाहर निकलना पड़ा, अब अकाली दल निकल गया। अब नए साथी मिल गए हैं, मैं उनको शुभकामनाएं देता हूं। जिस गठबंधन में शिवसेना और अकाली दल नहीं हैं मैं उसको एनडीए नहीं मानता।

### अकाली दल ने भाजपा से 22 साल पुराना नाता तोड़ा

किसान बिल को लेकर नाराज चल रही शिरोमणि अकाली दल (अकाली दल) ने एनडीए से 22 साल पुराना अपना नाता तोड़ लिया है। भाजपा और एनडीए से अलग होने के फैसले की जानकारी अकाली दल के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने शनिवार देर शाम दी। सुखबीर बादल ने कहा, शिरोमणि अकाली दल की निर्णय लेने वाली सर्वोच्च इकाई कोर समिति की आपात बैठक में भाजपा नीत राजग से अगल होने का फैसला सर्वसम्मति से लिया गया। इस बैठक में पार्टी के कई बड़े पदाधिकारी भी मौजूद थे। अकाली दल के वरिष्ठ नेता नरेश गुजराल ने कहा कि हमारी पार्टी किसानों से जुड़ी है। हम उनके मुद्दों की अनदेखी नहीं कर सकते। इसलिए एनडीए का साथ छोडने का फैसला लिया गया है। दरअसल शिरोमणि अकाली दल की नेता और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री हरसिमरत कौर बादल ने संसद में पेश किए गए कृषि से संबंधित दो विधेयकों के विरोध में पिछले हफ्ते केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। तभी से भाजपा और अकाली दल के बीच दरार पड़ने लगी थी।

### ममता बनर्जी ने दी पश्चिम बंगाल में सिनेमा हॉल खोलने की इजाजत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोरोना वायरस के संक्रमण के कारण बंद पड़े सिनेमा हॉल को फिर से खोलने की इजाजत दी है। सीएम ममता ने कहा कि सिनेमा हॉलों को एक अक्टूबर से राज्य में काम करने की अनुमति दी है। उनके लिए सोशल डिस्टेंसिंग नियमों और अन्य कोरोना दिशानिर्देशों का पालन करना अनिवार्य है। अधिकतम 50 लोगों को ही सिनेमा हॉल में जाने की अनुमति दी जाएगी। ममत बनर्जी ने शनिवार को ट्वीट कर यह जानकारी दी। ममता बनर्जी ने गुरुवार को आगामी त्योहार के लिए दिशानिर्देशों की घोषणा की। इसके तहत उचित वेंटिलेशन के लिए पंडाल को चारों तरफ से खुला होना चाहिए। हैंड सैनिटाइजर अनिवार्य रूप से पंडालों के प्रवेश वाले जगह पर रखा जाना चाहिए और चेहरे मास्क पहनना बाध्यकारी होगा। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य की प्रत्येक दुर्गा पूजा समिति को पचास-पचास हजार रुपये उपलब्ध कराने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। राज्य की करीब 37 हजार दुर्गा पूजा समितियों के लिए कई तरह की राहत की घोषणा करते हुए बनर्जी ने कहा कि दमकल विभाग, कोलकाता नगर निगम, अन्य नगर निकाय और पंचायत अपनी सेवाओं के लिए पूजा समितियों से किसी तरह का कर या शुल्क वसूल नहीं करेंगी। उन्होंने कहा, कोविड महामारी के चलते यह हम सभी के लिए कठिन समय रहा है। हमने राज्य की प्रत्येक दुर्गा समिति को पचास-पचास हजार रुपये उपलब्ध कराने का निर्णय किया है। हमने यह भी निर्णय किया है कि कलकत्ता विद्युत आपूर्ति निगम और राज्य विद्युत बोर्ड पूजा समितियों को 50 प्रतिशत छूट उपलब्ध कराएंगे। बनर्जी ने समितियों से कहा कि वे महामारी के मद्देनजर खुले पंडाल लगाने की तैयारी करें और सुनिश्चित करें कि पंडालों में लोग मास्क लगाकर आएं। मुख्यमंत्री ने राज्य के 75 हजार हॉकरों को दो-दो हजार रुपये की मदद देने की भी घोषणा की क्योंकि लॉकडाउन की वजह से उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है।

### सभी 4 श्रम कानूनों को दिसंबर तक एक बार में लागू करेगी मोदी सरकार

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार का लक्ष्य है कि इस साल दिसंबर तक सभी चार श्रम कानूनों को एक बार में लागू कर दिया जाए और श्रम क्षेत्र के सुधारों की अंतिम सीमा को पूरा कर लिया जाए। यह बातें केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार ने कही। संसद ने मानसून सत्रा में तीन श्रम संहिता विधेयक पारित किया। इनमें ऑक्यूपेशनल सेफ्टी, हेल्थ एंड वर्किंग कंडीशन बिल- 2020, इंडस्ट्रियल रिलेशन बिल- 2020 और सोशल सिक्योरिटी बिल- 2020 शामिल हैं। वहीं वेज कोड बिल, 2019 पिछले साल संसद द्वारा पारित किया गया था। श्रम मंत्रालय ने पिछले साल वेज कोड बिल पर मसौदा नियमों को परिचालित किया था, लेकिन इसे अंतिम रूप दिया गया और इसे लागू किया गया। मंत्रालय सभी चार श्रम कानूनों और नियमों को एक ही बार में लागू करना चाहता था क्योंकि ये सभी एक-दूसरे से लिंक हैं। पीटीआई से बात करते हुए श्रम मंत्री गंगवार ने कहा, सरकार इस साल दिसंबर तक सभी चार श्रम कानूनों को लागू करके श्रम सुधारों को पूरा करने के लिए सभी प्रयास कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि वेज कोड बिल पिछले साल पारित किया गया था और अब संसद द्वारा तीन और कोड पारित किए जाने के साथ एक बार में लागू किया जाएगा। बता दें संसद में एक कानून पारित होने के बाद, इसे भारत के राष्ट्रपति के लिए भेजा जाता है।

## एक और कर्जदार देश पर चीन की दादागिरी से भड़क उठा ब्रिटेन ड्रैगन के खिलाफ खोला मोर्चा

**लंदन।** कर्ज का बोझ लादकर गरीब देशों को फंसाने की चीन की साजिश अब जगजाहिर हो गई है। ड्रैगन ने कैरेबियाई देश बारबाडोस को भी पहले अपने कर्जजाल में फंसाया और अब अपनी दादागिरी दिखाकर मनमर्जी के मुताबिक चलाना चाहता है। गरीब और छोटे आइलैंड को चीन के चंगुल में फंसते देख ब्रिटेन ने बीजिंग के विस्तारवाद के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने कूटनीतिज्ञों को चीन के विस्तारवाद के खिलाफ अभियान छेड़ने को कहा है। चीन ने बारबाडोस पर दबाव बढ़ा दिया है कि ब्रिटेन की रानी को देश के संवैधानिक प्रमुख की मानद उपाधि से हटा दिया जाए। यह देश चीन के बेल्ड एंड रोड पहल में शामिल है, जिसके तहत चीन ने गरीब देशों को बंदरगाह और हाई स्पीड रेल लाइन्स जैसे इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रॉजेक्ट के लिए बड़ी मात्रा में लोन दिया है। काम पूरा होने के बाद जब ये देश लोन वापस नहीं चुका पाते हैं तो चीन इन प्रॉजेक्ट्स पर कब्जा कर लेता है और शर्तों को मानने को मजबूर करता है। श्रीलंका और मालदीव जैसे एशियाई देशों में पहले ही यह दिख चुका है। बोरिस जॉनसन ने आशंका जाहिर की है कि कोविड-19 महामारी के दौर में आर्थिक मंदी की वजह से चीन के कई कर्जदार देश इस चंगुल में फंस जाएंगे।



1966 में ब्रिटेन से आजाद हुए बारबाडोस ने पिछले सप्ताह घोषणा की है कि 2021 में लोकतंत्र की स्थापना की जाएगी। गवर्नर जनरल डेम सांड्रा मासन ने कहा कि औपनिवेशिक काल को पूरी तरह पीछे छोड़ने का वक्त आ गया है। बारबाडोस के लोग एक बारबाडियन राज्य प्रमुख चाहते हैं। अमेरिका ने ब्रिटेन के साथ खुफिया रिपोर्ट साझा करते हुए बताया है कि इसके लिए किस तरह चीन बारबाडोस पर दबाव डाल रहा है। विदेश मामलों की समिति के चेयरमैन टॉम टूगेनधत ने कहा है इस घटना से पता चलता है कि चीन किस तरह नए देशों को कर्ज नीति में फंसाकर अपने मुताबिक चलाना चाहता है। उन्होंने कहा, हमें अपने कैरेबियाई भाइयों को बताना होगा कि संवैधानिक सम्राट विशेषकर हमारी अद्वितीय महारानी अत्याचारियों से बचाव का सबसे अच्छा तरीका है। गौरतलब है कि पिछले सप्ताह बारबाडोस ने घोषणा की कि करीब 400 सालों के बाद ग्रेट ब्रिटेन के सम्राटों का उन पर शासन नहीं होगा। हालांकि, ब्रिटेन का कहना है कि संवैधानिक रूप से बारबाडोस की राज्य प्रमुख क्वीन एलिजाबेथ ने 3 लाख नागरिकों पर कभी अपने अधिकारों का इस्तेमाल नहीं किया है।

### कृषि विधेयकों को मिली राष्ट्रपति की मंजूरी तो बोले एसएडी प्रमुख सुखबीर सिंह बादल

## लोकतंत्र और किसानों के लिए काला दिन

**नई दिल्ली।** तीन कृषि विधयेकों को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से रविवार को मंजूरी मिलने के बाद शिरोमणी अकाली दल (एसएडी) प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने प्रतिक्रिया दी है। बादल ने इसे लोकतंत्र और किसानों के लिए काला दिन बताया है। सुखबीर सिंह बादल की एसएडी ने इन्हीं विधेयकों के चलते एनडीए से दूरी बना ली है। राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद सुखबीर सिंह बादल ने ट्वीट किया, अत्यंत दुख की बात है कि राष्ट्रपति ने किसानों और पंजाबियों को सुनने से इनकार किया और कृषि बिलों एवं पंजाबी को आधिकारिक भाषा के रूप में नहीं शामिल किए जाने वाले जम्मू-कश्मीर बिल पर हस्ताक्षर कर दिए। उम्मीद थी कि राष्ट्रपति देश की अंतरात्मा की आवाज के रूप में काम करेंगे और बिलों को वापस लौटा देंगे। लोकतंत्र और किसानों के लिए काला दिन।

बता दें कि संसद ने पिछले सप्ताह इन विधेयकों को मंजूरी दी थी और इनका मकसद कृषि क्षेत्र का उदारीकरण करना और किसानों को बेहतर कीमत



के लिए अपनी उपज कहीं भी बेचने की इजाजत देना है। विपक्ष ने हालांकि इन विधेयकों की आलोचना की है। उनका आरोप है कि इन विधेयकों को संसदीय परंपराओं की अनदेखी करते हुए असंवैधानिक तारीके से पारित किया गया है। विपक्ष ने राष्ट्रपति से भी इन विधेयकों को वापस लौटाने का अनुरोध किया था। इन विधेयकों का विरोध एनडीए के सबसे पुराने सहयोगी शिरोमणि अकाली दल ने भी किया है और उसने खुद को राजग से अलग कर लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले हफ्ते संसद में तीन में से दो विधेयकों के पारित होने के बाद कहा था कि इससे करोड़ों किसानों को ताकत मिलेगी।

### गांव के तालाब में आ सके पानी, दशरथ मांझी बन 250 महिलाओं ने पहाड़ काट बना दिया रास्ता

**छतरपुर।** बिहार के दशरथ मांझी की कहानी तो आपने बहुत सुनी होगी, जिन्होंने गया के करीब गहलौर गांव में एक हथौड़े और छेनी की मदद से पूरे पहाड़ को काटकर सड़क बना दी थी। कुछ इसी तरह का जज्बा मध्य प्रदेश के छतरपुर के एक गांव में रहने वाली महिलाओं ने दिखाया है। छतरपुर जिले के अंगरोठा गांव की 250 महिलाओं ने पानी के लिए रास्ता बनाने के लिए एक पहाड़ को काट दिया। गांव लंबे समय से पानी की किल्लत से जूझ रहा था, जिसके बाद महिलाओं ने खुद ही हल निकालने की ठान ली। गांव की रहने वालीं बबिता राजपूत ने बताया कि हम रास्ता बनाने के लिए 18 महीनों से लगातार काम कर रहे थे। जंगल वाले इलाके में पानी मौजूद था, लेकिन हमारे गांव तक नहीं आ पा रहा था। उन्होंने कहा, ऐसे में गांव की हम महिलाओं ने पहाड़ को काटने का फैसला किया, जिससे पानी को गांव के तालाब तक लाया जा सके।

### आरजेडी नेता तेजस्वी का चुनावी वादा, हमारी सरकार बनी तो 10 लाख बेरोजगार युवाओं को देंगे नौकरी

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव की तारीख का ऐलान होते ही सभी दल अपनी अपनी जीत के लिए दावे प्रतिदावे कर रहे हैं वहीं वोटरों को लुभाने के लिए नित नई घोषणाएं भी की जा रही है। इसी कड़ी में चुनाव से पहले ही बिहार के युवाओं और बेरोजगारों पर फोकर रखने वाले नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी ने ऐलान किया है कि हमारी सरकार बनेगी तो हम 10 लाख नौकरी देंगे। तेजस्वी यादव लगातार युवाओं पर फोकस कर रहे हैं। राजद की ओर से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव ने कहा कि हमने 5 अगस्त को बेरोजगारी को लेकर एक पोर्टल बनाया था। इसमें 9 लाख 47,324 हजार बेरोजगारों ने रजिस्टर किया है। उन्होंने कहा कि 13 लाख 11626 लोगों ने मिस कॉल किया है। हमारी पार्टी बेरोजगारी को लेकर गंभीर है। बिहार सबसे युवा प्रदेश है। बिहार में 60 फीसदी आबादी युवाओं की है। बिहार में बेरोजगारी दर 46.6 फीसदी है। तेजस्वी यादव ने बिहार में कितने पद खाली हैं इसका ब्यौरा दिया। तेजस्वी यादव ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा में 2.5 लाख कर्मियों की जरूरत है जबकि 50 हजार पुलिसकर्मियों का पद बिहार में रिक्त है।



**उद्योग-धंधों को लेकर नीतीश सरकार पर तंज**-इससे एक दिन पहले नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने बिहार में उद्योग-धंधों को लेकर नीतीश सरकार पर तंज कसते हुए कहा था कि 15 वर्षों में बिहार काफी पीछे चला गया है। शनिवार को ट्वीट करते हुए तेजस्वी यादव ने लिखा कि उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार में बिहार 26वें नंबर पर है। उन्होंने कहा कि राज्य में निवेश और उद्योग लगाने में बिहार सबसे फिसड्डी राज्य है। तेजस्वी ने कहा कि उदारीकरण के बाद 15 वर्षों से सत्ता संभाल रहे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और एनडीए सरकार इन आंकड़ों पर बात क्यों नहीं करते।

### जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों के लिए पीएलए वाले हथियार भेज रहा चीन, सीमा पार कराने के लिए हेक्साकॉप्टर्स, ड्रोन्स भी दिए

**नई दिल्ली।** आतंकवाद को लेकर घिरने पर अक्सर पाकिस्तान के लिए ढाल बनने वाला चीन जम्मू-कश्मीर में दहशतगर्दी बढ़ाने के लिए अपने सदाबहार दोस्त की मदद करने में जुटा है। चाइना-पाकिस्तान इकनॉमिक कॉरिडोर में इस्तेमाल किए जा रहे चाइनीज हेक्साकॉप्टर्स के जरिए आईएसआई समर्थित आतंकवादी संगठन हथियारों को जम्मू-कश्मीर में पहुंचा रहे हैं। खास बात यह है कि जिन राइफल्स को लेकर ये ड्रोन और हेक्साकॉप्टर्स भारतीय सीमा में घुस रहे हैं वे भी चीन की सरकारी हथियार कंपनी नोरिनको में बने होते हैं। संडे गार्जियन की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इन हेक्साकॉप्टर्स और ञ्-97 राइफल्स को चीन सरकार ने सीपीईसी की सुरक्षा के बहाने पाकिस्तान फ्रंटियर फोर्स को सौंपा था। भारतीय इंटेलिजेंस एजेंसियों का मानना है कि पिछले एक साल में जम्मू-कश्मीर में तेजी से आतंकवादी घटनाओं में कमी की वजह से बौखलाए पाकिस्तान की चीन मदद कर रहा है और अधिक से अधिक हथियारों को आतंकवादियों तक पहुंचाना चाहता है। ढ्ढस्ढ्ढ ने इन हेक्साकॉप्टर्स और ड्रोन्स का इस्तेमाल यह महसूस करने के बाद किया कि भारतीय सुरक्षा बल इस सिद्धांत पर काम करते हैं कि बिना किसी हथियार के घुसपैठ करने वाले पर फायरिंग ना की जाए। इसलिए आईएसआई ने यह तरीका निकाला कि आतंकवादी और हथियारों को अलग-अलग सीमा के पार भेजा जाए, ताकि एलओसी पर आतंकवादियों के मारे जाने का जोखिम कम हो जाए।

### दिल्ली में कोरोना के 3292 नए मामले, 42 मौतों के साथ मृतकों का आंकड़ा 5235 तक पहुंचा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में कोरोना वायरस संक्रमण के 3292 नए मामले सामने आए हैं। बीते 24 घंटे में कोविड-19 को मात देने वालों की संख्या संक्रमण के नए मामलों के मुकाबले अधिक रही और इस दौरान 3739 लोग इलाज के बाद ठीक हुए हैं। हालांकि कोरोना के कारण होने वाली मौतों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इस महामारी के कारण कुल 42 लोगों की जान गई है।

### फडणवीस का सिर्फ इंटरव्यू लेने के लिए मिले थे संजय राउत?

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और संजय राउत के बीच शनिवार को मुलाकात क्यों हुई? दोनों में क्या बातचीत हुई? आखिर इस मुलाकात के मायने क्या हैं? इस तरह के कई सवाल राजनीतिक हलकों में तैर रहे हैं। शुरुआत में इसे गोपनीय रखने के बाद दोनों नेताओं ने चुप्पी तो तोड़ दी है। दोनों नेताओं ने इस मुलाकात का मकसद सामना के लिए इंटरव्यू बताया है। लेकिन इस सफाई से राजनीतिक हलकों में सवाल पूरी तरह शांत नहीं हुए हैं। संजय राउत ने कहा कि वह पूर्व मुख्यमंत्री के साथ कुछ मुद्दों पर चर्चा करना चाहते थे। वहीं फडणवीस ने कहा है कि उनकी मुलाकात इंटरव्यू के सिलसिले में हुई थी। फडणवीस ने रविवार को कहा, संजय राउत जी शिवसेना के अखबार



सामना के लिए मेरा इंटरव्यू लेना चाहते थे। इसी मुद्दे पर चर्चा के लिए मुलाकात हुई थी क्योंकि मैंने कुछ शर्तें रखी थीं, मैं चाहता था कि यह बिना संपादन के प्रकाशित हो। हमारे बीच कोई राजनीतिक बातचीत नहीं हुई। इससे पहले संजय राउत ने कहा, मैं कुछ मुद्दों पर चर्चा करने के लिए देवेंद्र फड़नवीस से मिला। वह पूर्व सीएम हैं और इसके अलावा, वह महाराष्ट्र में विपक्ष के नेता हैं और भाजपा के बिहार प्रभारी हैं। हमारे बीच वैचारिक मतभेद हो सकते हैं लेकिन हम दुश्मन नहीं हैं। सीएम को हमारी बैठक के बारे में पता था। सवाल उठाया जा रहा है कि यदि इंटरव्यू ही दोनों के बीच मुलाकात का एकमात्र मकसद था तो इसे पहले ही सार्वजनिक क्यों नहीं किया गया था।

### राजस्थान में जारी हिंसक प्रदर्शन में एक व्यक्ति की मौत

## गहलोत सरकार ने केंद्र से मांगी आरएएफ की मदद

**जयपुर।** राजस्थान के उदयपुर के खेरवाड़ा शहर में शनिवार शाम को हुई हिंसा में एक व्यक्ति की मौत हो गई और कम से कम पांच घायल हो गए। आपको बता दें कि राजस्थान के डूंगरपुर व उदयपुर जिलों में प्रदर्शनकारियों ने उग्र प्रदर्शन किया। इस दौरान सरकारी और निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया और वाहनों को आग लगा दी। स्थिति को नियंत्रण में करने के लिए पुलिस ने रबर की गोलियां दागीं। राजस्थान सरकार ने राज्य के दक्षिणी हिस्सों में तीन दिनों के विरोध के बाद स्थिति को संभालने के लिए केंद्र से रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) की मांग की है। साथ ही शनिवार को सीएम अशोग गहलोत ने पुलिस महानिदेशक एम.एल. लाठर सहित कई आला अधिकारियों को डूंगरपुर भेजा। मुख्यमंत्री गहलोत ने एक बार फिर प्रदर्शनकारियों से शांति बनाए रखने और कानून-व्यवस्था को भंग नहीं करने की अपील की है। इससे पहले राज्यपाल कलराज मिश्र ने इस बारे में मुख्यमंत्री गहलोत से फोन पर बात की थी। अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट) से जुड़ी अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे युवा गुरुवाक शाम को उग्र हो गए थे। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस दल पर पथराव किया और पुलिस वाहनों को आग के हवाले कर दिया था। हिंसाग्रस्त इलाके में प्रदर्शनकारियों ने शनिवार को दो और बाइक जला दीं तथा पुलिस पर पथराव किया जबकि एक राजमार्ग पर युवाओं के हिंसक प्रदर्शन के मद्देनजर हालात को सामान्य बनाने की कोशिश के तहत आंदोलनकारी युवाओं के प्रतिनिधि मंडल की जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई।



गहलोत ने हालात की समीक्षा के लिए शनिवार रात मुख्यमंत्री निवास पर शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह डोटासरा, मुख्य सचिव राजीव स्वरूप, पुलिस महानिदेशक भूपेन्द्र सिंह, प्रमुख गृह सचिव अभय कुमार, पुलिस महानिदेशक (अपराध) एम.एल. लाठर सहित वरिष्ठ अधिकारियों के साथ लगातार बैठकें कर हिंसा-प्रभावित क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को स्थिति पर नियंत्रण के लिए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदर्शनकारियों के साथ बातचीत कर स्थिति को नियंत्रण में रखने तथा कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस महानिदेशक लाठर, जयपुर के पुलिस आयुक्त आनंद श्रीवास्तव और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एम.एन. दिनेश सहित अन्य अधिकारियों को रात्रि में ही हेलीकॉप्टर से डूंगरपुर भेजा। गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के हर वर्ग के हितों की रक्षा के लिए संकल्पबद्ध है तथा समाज के किसी भी वर्ग की कानून-सम्मत व न्यायोचित मांगों पर विचार करने तथा संवाद के लिए हर समय तैयार है। उन्होंने टीएसपी क्षेत्र के विद्यार्थियों एवं नौजवानों से अपील की है कि वे हिंसा को छोड़े और सरकार के समक्ष अपनी बात रखने के लिए आगे आएं। इससे पहले राज्यपाल ने शनिवार शाम राज्य के प्रमुख सचिव अभय कुमार और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था सौरभ श्रीवास्तव को राजभवन बुलाया और उन्हें इस हिंसा पर तत्काल नियंत्रण के निर्देश दिए। वहीं, मुख्यमंत्री के निर्देश पर उदयपुर पहुंचे जनजाति क्षेत्र विकास मंत्री अर्जुन बामणिया, उदयपुर से पूर्व सांसद रघुवीर मीणा व अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने आंदोलनकारी युवाओं के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की। यह बातचीत लगभग तीन घंटे चली। मीणा ने पीटीआई से कहा, हमने प्रदर्शनकारियों से हिंसक रास्ता छोड़ने को कहा और आश्वासन दिया कि सरकार उनकी मांगों को पूरा करने के लिए वैधानिक तरीके से जो भी संभव है करेगी।


ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका,ऑनलाइन न्यूज़ चैनल,पोर्टल,एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।

संपर्क करें

कार्यालय : ए ब्लॉक,404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव,गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478,7999246560

Website - www.pushpanjalitoday.com,

Email - pushpanjalitoday@gmail.com



## प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना से राशि प्राप्त कर खुश है प्रतिभाशाली विद्यार्थी अभिषेक, साक्षी, अमित, अश्विनी, संगीता और सिया

**भिण्ड।** प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत जिले के 6 विद्यार्थियों को वर्जुअल कार्यक्रम के माध्यम से राशि प्रदाय कर सम्मानित किया गया। यह राशि प्राप्त होने पर अभिषेक, साक्षी, अमित, अश्विनी, संगीता और सिया ने खुशी जाहिर की। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से इन प्रतिभाशाली छात्रों के बैंक खातों में लैपटॉप क्रय करने हेतु 25 हजार रूपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से ट्रांसफर की गई। जिले के इन प्रतिभाशाली सभी विद्यार्थियों के कक्षा 12 वी परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। इस अवसर पर जिला कलेक्टर श्री वीरेन्द्र सिंह रावत द्वारा विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये तथा आगामी भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। सभी विद्यार्थियों ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा पढ़ाई हेतु दी जा रही सुविधाओं तथा डिजीटल दुनिया के दौर में लैपटाप उपलब्ध कराने से पढ़ाई की राह आसान हो गई है।

## परिषद के अखाड़े की जिम्मेदारी धर्मेंद्र के पास

**ब्यूरो चीफ अमन राय**

अखिल भारतीय संस्कृत परिषद की ओर से एक बैठक का आयोजन किया गया था. यह बैठक परिषद के सभागार में हुआ. जहां धर्मेंद्र यादव को 14 अखाड़ों का प्रमुख संचालक की जिम्मेदारी दी गई. जिसकी अवधि 2 वर्ष की है. कोरोनावायरस के चलते बैठक छोटे आकार में किया गया था. सभी ने मार्क्स एवं सोशल डिस्टेंसिंग का ख्याल रखा था.बैठक में उपस्थित थे अखिल भारतीय संस्कृत परिषद के महामंत्री अजब नारायण सिंह, धर्मेंद्र यादव, अनोज भारती, राजू सिंह, उपनेष सिंह, उपेंद्र नाथ मिश्रा, रविन्द्र साह, महेंद्र राय, राजू सिंह,आदयानन्द साव, मिंटू चौधरी, सूरज यादव, नन्द किशोर यादव आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे. ज्ञात हो कि परिषद द्वारा हर वर्ष दशहरे के दिन रावण दहन का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाता है. इस कार्यक्रम के 1 दिन पूर्व अर्थात नवमी को विभिन्न अखाड़ों द्वारा विधि व्यवस्था को मानते हुए प्रशासन के सहयोग से विभिन्न अंचलों का भ्रमण करते हुए अखाड़े के सदस्य गण रामलीला मैदान पहुंचते हैं.

## कोविड-19 को रोकना हमारी पहली प्राथमिकता



**पाली.** नेनाराम सिरवी.विश्वव्यापी महामारी के बढ़ते प्रकोप को देखकर जिला प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों की पालना के अनुसार जिले में लगी धारा 144 के तहत कोविड-19 को रोकने के लिए संपूर्ण प्रयास किए जाएंगे. पाली पंचायत समिति ग्राम पंचायत खेरवा सरपंच संतोष कंवर सरपंच प्रतिनिधि भारत सिंह राणावत उपसरपंच. इलू सा.द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत मुख्यालय से कोविड-19 को रोकने के लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए. जिसमें ग्राम पंचायत के अधीन संपूर्ण कर्मचारी एवं संपूर्ण विभागीय कार्यालय में प्रवेश करने से पहले सामाजिक दूरी की पालना करनी होगी और नियमित रूप से मास्क पहनना अनिवार्य होगा. पानी पंचायत समिति ग्राम पंचायत खेरवा वडेर वास सोडावास दयालपुरा रुपावास बाणियावास. डरी. मनिहारी. आदि सहित लगभग सभी ग्राम पंचायत मुख्यालय से विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए जिसमें कोविड-19 को रोकने के लिए महत्वपूर्ण दिशानिर्देश जारी किए गए. संपूर्ण ग्राम पंचायत ग्राम प्रमुख द्वारा आम जनता को सामाजिक दूरी के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी जा रही. सोजत पंचायत समिति ग्राम पंचायत बिलावास सरपंच डिंपल सिरवी सुरायता सरपंच प्रेम सिरवीवडेर वास सरपंच लीला देवी सीरवी सोडावास सरपंच राधा देवी सीरवी खेरवा सरपंच संतोष कवर. लांबिया. सरपंच मदन लाल मेघवाल. भांगेसर सरपंच हबीब खान. रुपावास सरपंच सुरेश बंजारा. डरी सरपंच जबर सिंह जोधा.दयालपुरा सरपंच प्रतिनिधि भैरू सिंह राजपुरोहित मनिहारी सरपंच भैरों सिंह शेखावत.आदि सभी ग्राम प्रमुख द्वारा कोविड-19 को रोकने के लिए जिले में लगी धारा 144 के तहत उनके द्वारा ग्राम पंचायत मुख्यालय से महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश जारी किए गए जिसमें आम जनता को सोशल डिस्टेंस की महत्वपूर्ण जानकारी दी जा रही .सितंबर माह में बढ़ते मामलों को देख कर जिला प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों की पालना के अनुसार संपूर्ण ग्राम पंचायत मुख्यालय से मास्क एवं सामाजिक दूरी के बारे में महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश जारी किए गए।



## अम्बाह चाइल्ड लाइन ने पोषण युक्त भोजन लेने और कुपोषण को जड़ से समाप्त करने की शपथ दिलाई...

### बच्चे मुसीबत के समय चाइल्ड लाइन 1098 पर कॉल करें

**केशब पडित जी अम्बाह...**

**अम्बाह-मुरैना...** धरती संस्था मुरैना द्वारा संचालित चाइल्ड लाइन 1098 द्वारा ग्राम पंचायत गोठ विकासखंड अम्बाह में सामुदायिक सलग्नता गतिविधि का आयोजन किया गया एवं सभी को पोषण युक्त भोजन लेने और कुपोषण को जड़ से समाप्त करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में चाइल्ड लाइन टीम काउंसलर श्रीमती सुमन सिंह, टीम सदस्य संजय सिंह, नितिन शिवहरे सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ममता, अम्रता चौहान, सहित 8 धात्री माताए, 10 गर्भवती माताएं, 30 किशोरी बालिकाएं उपस्थित रही। बैठक में चाइल्ड लाइन काउंसलर सुमन सिंह ने बताया कि धात्री माताओं को संतुलित आहार खाने में लेना चाहिए अपने खानपान में हरे पत्तेदार



सब्जियां, दाल, विटामिंस, प्रोटीन युक्त पोषक तत्वों से भरपूर संतुलित आहार खाएं व खिलाएं, शासन द्वारा महिलाओं बच्चों, किशोर किशोरियों को लगाए जाने वाले टीके, जांचों को नियमित कराएं। चाइल्ड लाइन टीम से संजय सिंह, नितिन शिवहरे ने महिलाओं व बालिकाओं को बताया कि अगर आपको कही भी गुमशुदा, शोषित, बेवस, बेसहारा, बाल श्रमिक, भिक्षावृत्ति तथा किसी भी प्रकार से प्रताड़ित बच्चे मिलें यारा दिखाई दें तो आप चाइल्ड लाइन 1098 पर उनकी मदद हेतु फोन करे, जिससे उस बच्चे की मदद की जा सके।



## परिषद के अखाड़े की जिम्मेदारी धर्मेंद्र के पास

**ब्यूरो चीफ अमन राय**

अखिल भारतीय संस्कृत परिषद की ओर से एक बैठक का आयोजन किया गया था. यह बैठक परिषद के सभागार में हुआ. जहां धर्मेंद्र यादव को 14 अखाड़ों का प्रमुख संचालक की जिम्मेदारी दी गई. जिसकी अवधि 2 वर्ष की है. कोरोनावायरस के चलते बैठक छोटे आकार में किया गया था. सभी ने मार्क्स एवं सोशल डिस्टेंसिंग का ख्याल रखा था.बैठक में उपस्थित थे अखिल भारतीय संस्कृत परिषद के महामंत्री अजब नारायण सिंह, धर्मेंद्र यादव, अनोज भारती, राजू सिंह, उपनेष सिंह, उपेंद्र नाथ मिश्रा, रविन्द्र साह, महेंद्र राय, राजू सिंह,आदयानन्द साव, मिंटू चौधरी, सूरज यादव, नन्द किशोर यादव आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे. ज्ञात हो कि परिषद द्वारा हर वर्ष दशहरे के दिन रावण दहन का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाता है. इस कार्यक्रम के 1 दिन पूर्व अर्थात नवमी को विभिन्न अखाड़ों द्वारा विधि व्यवस्था को मानते हुए प्रशासन के सहयोग से विभिन्न अंचलों का भ्रमण करते हुए अखाड़े के सदस्य गण रामलीला मैदान पहुंचते हैं.





## बरेला चौराहे पर रातों रात लगाई डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा

**रिपोर्टर पुष्पेन्द्र राजपूत दिनारा**

**शिवपुरी।** जिले के खोड़ क्षेत्रे के अंतर्गत आने वाले बरैला चौराहे पर रविवार की रात डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को स्थापित कर दिया है आपको बता दें कि प्रतिभा लगाने के लिए प्रशासन से कोई अनुमति नहीं ली गई है। मामले को लेकर पुलिस व प्रशासन की टीम जांच-पड़ताल में जुट गई है। ठीक इसी तरह से पिछोर के बाचरोंन चौराहे पर रातों रात अज्ञात लोगों ने वीरांगना अवंति बाई लोधी की प्रतिमा को स्थापित कर दिया था। जिसे लेकर हंगामा मचा था। अब ठीक उसी प्रकार डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को खोड के बरैला चौराहे पर लगा दी है। खोड़ के बरैला चौराहे पर अंबेडकर की प्रतिमा लगाए जाने की जानकारी सुबह जैसे ही पुलिस को लगी तो मौके पर पहुची पुलिस।

## डॉ. सिकरवार के नेतृत्व में कॉग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के लिए उमड़ा जन सैलाब

### ग्वालियर पूर्व विधानसभा में तीन अलग-अलग कार्यक्रमों में करीब 750 लोगों ने की सदस्यता ग्रहण



**ग्वालियर।** कॉग्रेस से ग्वालियर पूर्व विधानसभा प्रत्याषी डॉ. सतीष सिंह सिकरवार के नेतृत्व में करीब 750 महिला-पुरूश कार्यकर्ताओं ने कॉग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 28 के श्रीनगर कॉलोनी, वार्ड 57 के कटोराताल के सामने कच्ची सड़क एवं वार्ड 59 के मंषा देवी मंदिर के पास झांसी रोड पर कॉग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किये गये। कार्यक्रम में सैकड़ो महिला-पुरूश कार्यकर्ता मौजूद रहे और इन सभी ने डॉ. सिकरवार के नेतृत्व में कॉग्रेस पार्टी की सदस्यता गृहण की एवं आगामी उप विधानसभा चुनाव में कॉग्रेस पार्टी को जिताने और कमलनाथ जी को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जनता ने डॉ. सिकरवार को पुश्पहार पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम में मौजूद जनता को संबोधित करते हुये डॉ. सिकरवार ने कहा कि मध्यप्रदेष में जन मत के हत्यारों को माफनही किया जायेगा। इन हत्यारों ने जनता के मत और विष्वास को झूठे वादे करके हासिल किया और बेच दिया और अब यही लोग वापस आपके पास झूठे वादे और प्रलोभन लेकर वापस आपका विष्वास और मत मांगने आ रहे है। लेकिन क्षेत्र की जनता अब इनके झूठे वादे और प्रलोभन में नही आने वाली है और इनके किये हुये धोखे का जबाब भी आगामी उपविधानसभा चुनाव में देगी।

## पुष्पांजली जेके फाउंडेशन



राष्ट्रीय नमो संघ की महासचिव एवं मध्य प्रदेश प्रभारी श्रीमती पूनम पांडे एवं प्रदेश अध्यक्ष लाखन सिंह राणा का मानना है कि जिस प्रकार 15 माह से कमलनाथ के नेतृत्व वाली पूर्व कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में जनता किसानों गरीब मजदूरों सीमाओं से झूठ बोलकर सरकार बनाई थी और अपने वचन पत्र पर एक भी वादा पूरा जनता के समक्ष नहीं कर पाए चाहे वह ओला पीड़ित हो चाहे वह पहला पीड़ित हो चाहे वह बाढ़ पीड़ित हो चाहे वह कर्ज माफी पीड़ित हो युवाओं को ?4000 लाड़ली लक्ष्मी योजना के माध्यम से ?51000 खाते में डालना यह उनकी झूठ साबित हुई है और प्रदेश में एक मुख्यमंत्री नहीं एक चेहरा कमलनाथ दूसरा प्रदेश से पीछे दिग्विजय सिंह सरकार चलाने का काम कर रहे थे श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया जी को अपमानित करने का काम कांग्रेस ने किया उनके साथ 22 विधायकों ने विधायक पद से त्यागपत्र देकर इस मध्य प्रदेश के विकास के लिए मान और सम्मान के लिए शिवराज सिंह जी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनाई और हम सबकी जिम्मेदारी है कि पूरी ताकत के साथ अपने अपने पोलिंग बूथों पर कमर कस कर इस कांग्रेस को करारा जवाब देते हुए प्रदेश शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार को मजबूती प्रदान करें।



## राष्ट्रीय सीरवी किसान सेवा समिति ने दीवान साहब के हाथों से किट बांटने का किया शुभारंभ

**नारायणलाल सैणचा**

**बिलाड़ा-** आज दीवान साहब के सानिध्य में राष्ट्रीय सीरवी किसान सेवा समिति ने एक अनूठी पहल की शुरुआत की है। जिसमें दीवान साहब ने अपने हाथों से प्रत्येक बच्चों को एक बैग, 10 पेन, 6 बुक्स , ज्योमेट्री बॉक्स , पानी की बोतल तथा स्कूल की यूनिफॉर्म के लिए 500 रुपये की राशि प्रदान की गई । दीवान साहब ने अपने वक्तव्य में कहा संस्था के इस कार्य की सहराना करते हुए कहा कि आप हमेशा इस कार्य को आगे भी निःस्वार्थ भाव से करते रहे । साथ ही संस्था को गरीब बच्चों के लिए लोन रूप में राशि प्रदान करने का सुझाव भी दिया व सभी भामाशाह का आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष राजस्थान के धन्नाराम लालावत साहब ने भी संस्था के इस कार्य की सहराना करते हुए कहा कि आपने जो यह पहल की है उन असहाय बच्चों की आज के समय में बहुत ज्यादा जरूरत थी, साथ ही सुनील चौधरी बीजेपी युवा नेता ने भी कहा कि मैं हमेशा आपकी संस्था के साथ तन,मन व धन से साथ हूँ आप यह परोपकारी कार्य अनवरत रूप से जारी रखे सुरेश सीरवी पाली जिला बीजेपी उपाध्यक्ष व अखिल भारतीय महासभा युवा परिषद अध्यक्ष ने भी संस्थान की प्रशंसा करते हुए उन बच्चों को अपने भविष्य में निरंतर आगे बढ़ने की सलाह दी । हरीश कुमार सीरवी बीजेपी युवा नेता चाड़ावास मंडल अध्यक्ष सोजत भी उपस्थित थे। इस मौके पर राष्ट्रीय सीरवी किसान सेवा समिति के पदाधिकारी सह संचालक अशोक जी मुलेवा ,महिला गुजरात अध्यक्ष पुष्पाजी भायल, सह-संस्थापक मनोहर पितावत, राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी महेंद्र पंवार, राष्ट्रीय शिक्षा मंत्री माधवसिंह सीरवी ,गुजरात मीडिया प्रभारी हीरालाल सीरवी, राजस्थान महिला प्रभारी वन्दना सीरवी व गोविंद तथा बच्चे व उनके अभिभावक उपस्थित थे।

## महिला शक्ति सामाजिक संस्था



महिला शक्ति सामाजिक संस्था की ओर से आज स्वर्ग सदन आश्रम में संस्थापक हर्षितागुर्जर कंचन शर्मा पूजा गुर्जर संगीता शाक्य रक्षा राजपूत शिवांश अहमाना ग्वालियर हरी गुप्ता मेरी पूरी टीम संस्था द्वारा स्थित मांडरे माता के पास कैंसर पहाड़िया के गरीब बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिए कॉपी पेंसिल रबड़ सोपनर प्रदान किऐ संस्था द्वारा मेरी संस्था की पूरी टीम ने सहयोग किया।

## शस्त्र लाइसेंस धारियों को 28 सितंबर 2020 तक पुलिस थानों में जमा कराने होंगे हथियार

ग्वालियर में होने वाले विधानसभा उप चुनाव 2020 को ध्यान में रखते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्वक मतदान सुनिश्चित कराने के लिए तथा कानून व व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने के लिए निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने तक ग्वालियर जिले के सभी शस्त्र लाइसेंस धारियों को अपने हथियारों को पुलिस थाने में जमा करवाने है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ग्वालियर द्वारा पूर्व में ही आदेश जारी किया जा चुका है। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी ने समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र के शास्त्र लायसेंस नियत दिनांक तक अनिवार्य रूप से जमा कराने हेतु निर्देशित किया है। नियत दिनांक 28-09-2020 तक समस्त आर्म्स लायसेंस धारियों को अपने शस्त्र थाने में जमा करना है।

## ट्रक से हुआ बैल का एक्सिडेंट

**नरेंद्र जाटव**

**शिवपुरी।** जिले दिनारा मैं पिछोर तिराहा अशोक होटल पर एक ट्रक ने एक बेल में टक्कर मार दी टक्कर इतनी जोरदार थी की बेल करीबन आधा किलोमीटर दूर घिसट ते हुए चला गया चला गया और बेल बुरी तरह गंभीर रूप से घायल हो गया है तुरंत मौके पर पहुंचकर गौ सेवा समिति के अध्यक्ष कल्लू महाराज और दीपक महाराज दीपक केवट पत्रकार नरेंद्र जाटव मौके पर पहुंचे और बेल का उपचार किया लेकिन स्थानीय लोग ट्रक को पकड़ने में असफल रहे ।

## ग्राम नोनी मैं अवैध शराब की तस्करी करने वाले दो अभियुक्तों सहित एक महिला अभियुक्त गिरफ्तार

**जितेंद्र सिंह परमार चीफ रिपोर्टर**

**खैरागढ़।** पुलिस टीम द्वारा 03 नफर अभियुक्तगणों को मय 35 अदद पेटी देशी शराब हीर रांझा(प्रत्येक में 48 क्वाटर) व 11 पेटी देशी शराब घुन्घरू ब्राण्ड(प्रत्येक पेटी में 48 क्वाटर), दो बोरी में 408 क्वाटर देशी शराब घुन्घरू ब्राण्ड, कुल 654 लीटर देशी शराब व 7 ड्रम कैमिकल(प्रत्येक ड्रम में 200 लीटर कैमिकल), व 18 प्लास्टिक की बोतल कैमिकल(प्रत्येक बोतल में 20 लीटर कैमिकल) कुल 1760 लीटर कैमिकल तथा 14 बोतल प्लास्टिक खाली, 3300 क्वाटर प्लास्टिक खाली बिना ढक्कन, एक पैंकिग मशीन लोहे की, 15080 ढक्कन, 8000 रैपर(घूंघरू देशी सादा मदिरा लिखा हुआ), 20000 रैपर (हीर रांझा देशी शराब लिखा हुआ), 4000 रैपर(फाईटर देशी शराब लिखा हुआ), 140 गत्ता(कागज) कार्टून बनाने के, तथा 01 बोलेरो गाड़ी न. - 11-3669 के गिरफ्तार किया गया।

थाना क्षेत्र में खनन माफियाओं के विरूद्ध अभियान के क्रम में श्रीमान् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय, आगरा के द्वारा दिये गये आदेश निर्देशों के व श्रीमान पुलिस अधीक्षक देहात (पश्चिम) के कुशल निर्देशन व श्रीमान् क्षेत्राधिकारी महोदय खेरागढ आगरा के नेत्रत्व/पर्वेक्षण में मुझ थाना प्रभारी थाना-जगनेर, आगरा द्वारा टीम गठित की।

**कार्यवाही-**इसी क्रम में गठित टीम द्वारा दिनांक 26.09.2020 को उ.नि. श्री उप.नि श्री सत्येन्द्र सिंह व उ.नि. श्री जितेन्द्र कुमार मय है.का. 1029 चन्द्रप्रकाश, का. 4773 धर्मेन्द्र राजपूत, का. 2957 सोमेश चौधरी, का. 3610 यूनिस अली, व महिला का. 4610 रंजना पाल मय सरकारी गाड़ी चालक का. मुकेश कुमार के ग्राम नौनी थाना जगनेर आगरा से 03 अभियुक्तगणो को मय 35 अदद पेटी देशी शराब हीर रांझा(प्रत्येक में 48 क्वाटर) व 11 पेटी देशी शराब घुन्घरू ब्राण्ड(प्रत्येक पेटी में 48 क्वाटर), दो बोरी में 408 क्वाटर देशी शराब घुन्घरू ब्राण्ड, कुल 654 लीटर देशी शराब व 7 ड्रम



कैमिकल(प्रत्येक ड्रम में 200 लीटर कैमिकल), व 18 प्लास्टिक की बोतल कैमिकल(प्रत्येक बोतल में 20 लीटर कैमिकल) कुल 1760 लीटर कैमिकल तथा 14 बोतल प्लास्टिक खाली, 3300 क्वाटर प्लास्टिक खाली बिना ढक्कन, एक पैंकिग मशीन लोहे की, 15080 ढक्कन, 8000 रैपर(घूंघरू देशी सादा मदिरा लिखा हुआ), 20000 रैपर (हीर रांझा देशी शराब लिखा हुआ), 4000 रैपर(फाईटर देशी शराब लिखा हुआ), 140 गत्ता(कागज) कार्टून बनाने के, तथा 01 बोलेरो गाड़ी न. ऋछ 11 ड्ढ 3669 के गिरफ्तार किया गया व उक्त अभियुक्तगणों के विरूद्ध थाना जगनेर आगरा में मु0 अ0 स0 119/2020 धारा 60(1)/63/72 आवकारी अधिनियम, 272/420/467/468/471 भादवि बनाम 1. गोबिन्द ठाकुर पुत्र रामवीर निवासी ग्राम नौनी थाना जगनेर आगरा 2. गोबिन्द शर्मा पुत्र सन्तोष शर्मा निवासी ग्राम नौनी थाना जगनेर आगरा 3. श्रीमती निरमा पत्नी छोटू निवासी ग्राम नौनी थाना जगनेर आगरा पंजीकृत किया गया। अभियुक्तगणों की जनपद आगरा व अन्य जनपदो से आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है। मौके से पकड़ी गयी बोलेरो गाड़ी न. -11-3669 को मौके पर ही धारा 207 एम.बी.एक्ट में सीज किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगणों का विवरणः गोबिन्द ठाकुर पुत्र रामवीर निवासी ग्राम नौनी थाना जगनेर आगरा
गोबिन्द शर्मा पुत्र सन्तोष शर्मा निवासी ग्राम नौनी थाना जगनेर आगरा . श्रीमती निरमा पत्नी छोटू निवासी ग्राम नौनी थाना जगनेर आगरा

**बरामदगी का विवरण-**35 अदद पेटी देशी शराब हीर रांझा(प्रत्येक में 48 क्वाटर) व 11 पेटी देशी शराब घुन्घरू ब्राण्ड(प्रत्येक पेटी में 48 क्वाटर), दो बोरी में 408 क्वाटर देशी शराब घुन्घरू ब्राण्ड, **कुल 654 लीटर देशी शराब-** 7 ड्रम कैमिकल(प्रत्येक ड्रम में 200 लीटर कैमिकल), व 18 प्लास्टिक की बोतल कैमिकल(प्रत्येक बोतल में 20 लीटर कैमिकल) कुल 1760 लीटर कैमिकल
14 बोतल प्लास्टिक खाली, 3300 क्वाटर प्लास्टिक खाली बिना ढक्कन,
**एक पैंकिग मशीन लोहे की-**15080 ढक्कन, 8000 रैपर(घूंघरू देशी सादा मदिरा लिखा हुआ), 20000 रैपर (हीर रांझा देशी शराब लिखा हुआ), 4000 रैपर(फाईटर देशी शराब लिखा हुआ), 140 गत्ता(कागज) कार्टून बनाने के, तथा 01 बोलेरो गाड़ी न.- 11- 3669

गिरफ्तार करने वाली टीम के सदस्यः प्रभारी निरीक्षक कुशलपाल सिंह, उ.नि. श्री सत्येन्द्र सिंह, उप.नि श्री जितेन्द्र कुमार, है.का. 1029 चन्द्रप्रकाश, का0 4773 धर्मेन्द्र राजपूत, का. 3610 यूनिस अली , का0 2957 सोमेश, महिला का. 4610 रंजना पाल



मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने धार जिले के कोद में सरदार वल्लभ भाई की प्रतिमा का अनावरण किया।

### मप्र में कांग्रेस उपचुनाव जीती तो

# दोबारा परदे के पीछे मुख्यमंत्री बन जाएंगे दिग्विजयः सिंधिया

**इंदौर।** भाजपा के राज्यसभा सदस्य ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार को दावा किया कि मध्यप्रदेश की 28 विधानसभा सीटों पर आगामी उपचुनावों में कांग्रेस को जीत हासिल होने पर इस पार्टी के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह एक बार फिर परदे के पीछे मुख्यमंत्री बन जाएंगे। छह महीने पहले पाला बदलने वाले सिंधिया ने पूर्व मुख्यमंत्री और मौजूदा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ की नेतृत्व क्षमता पर निशाना साधते हुए यह भी कहा कि उनका रिमोट कंट्रोल अब भी दिग्विजय के हाथ में ही है। वह इंदौर से 40 किलोमीटर दूर सांवेर विधानसभा क्षेत्र में कुल 2664 करोड़ रुपए लागत के विकास कार्यों के लोकार्पण और भूमिपूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे। सांवेर उन 28 विधानसभा सीटों में शामिल है जहां उपचुनाव होने हैं।

सिंधिया ने वर्तमान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मौजूदगी में कहा, आप (मतदाता) याद रखना कि आगामी उपचुनावों में हाथ के पंजे (कांग्रेस का चुनाव चिह्न) पर पड़ने वाला हरेक वोट दिग्विजय सिंह को परदे के पीछे दोबारा मुख्यमंत्री बनाने के काम आएगा। उन्होंने



दिग्विजय और कमलनाथ को बड़े भाई और छोटे भाई की कांग्रेसी जोड़ी बताते हुए कहा, राज्य में वर्ष 2018 के विधानसभा चुनावों की तरह अब भी परदे के पीछे दिग्विजय ही हैं।कमलनाथ का रिमोट कंट्रोल अब भी दिग्विजय के ही हाथ में है। गौरतलब है कि सिंधिया के नेतृत्व में कांग्रेस के 22 बागी विधायकों के विधानसभा से त्यागपत्र देकर भाजपा में शामिल होने के कारण तत्कालीन कमलनाथ सरकार का 20 मार्च को पतन हो गया था। इसके बाद चौहान के नेतृत्व में भाजपा 23 मार्च को सूबे की सत्ता में लौट आई थी। आगामी विधानसभा उप चुनावों के तेज होते प्रचार के दौरान सिंधिया और छह महीने पहले उनके साथ पाला बदलने वाले बागी विधायकों को कांग्रेस द्वारा गद्दार बताया जा रहा है। राज्यसभा सदस्य 49 वर्षीय सिंधिया ने पलटवार करते हुए कहा, आज वे (दिग्विजय और कमलनाथ) मुझे गद्दार और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को नालायक कह रहे हैं, लेकिन सच यह है कि पिछले विधानसभा चुनावों के दौरान अपने घोषणा पत्र को धर्मग्रंथ बताने वाली पार्टी (कांग्रेस) ने सत्ता में आने के बाद सूबे के साढ़े सात करोड़ लोगों से गद्दारी की। सिंधिया ने कहा, पिछले विधानसभा चुनावों के दौरान उन्होंने (राहुल गांधी) कहा था कि कांग्रेस की सरकार बनने पर 10 दिन के भीतर सूबे के हर किसान का कर्ज माफ हो जाएगा, लेकिन यह वादा भी निभाया नहीं गया। उन्होंने कहा, मैं दिग्विजय और कमलनाथ को बताना चाहता हूं कि कांग्रेस ने किसानों के साथ वादाखिलाफी नहीं, बल्कि गद्दारी की है। सिंधिया ने यह आरोप भी लगाया कि पूर्ववर्ती कमलनाथ सरकार ने विकास के बजाय विश्वासघात और भ्रष्टाचार की बड़ी लकीर खींचते हुए सूबे को नीलाम कर दिया।

## गरीब और किसानों के सपने हो रहे है पूरेः मंत्री श्री पटेल

**भोपाल।** आजादी के 70 सालों में पहली बार गरीब और किसानों के लिए रोटी, कपड़ा और मकान का सपना साकार हो रहा है। आज का दिन ऐतिहासिक है।प्रदेश के एक करोड़ किसानों को मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि का आज से पूरे प्रदेश में वितरण शुरू हो गया। किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के शुभारंभ अवसर पर ग्वालियर में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। कृषि मंत्री श्री पटेल ग्वालियर में कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी सेंटर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों को प्रतिवर्ष 6 हजार रुपये की सम्मान निधि देना शुरू किया था। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज से मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना को शुरू कर किसानों को प्रतिवर्ष 4 हजार रुपये अतिरिक्त रूप से प्रदान करना प्रारंभ कर दिया हैं। प्रदेश के लगभग 80 लाख से एक करोड़ किसानों को योजना का लाभ मिलेगा। श्री पटेल ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार गांव, गरीब और किसानों की उन्नति के लिए काम कर रही हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य रखा है जिसे पूरा करने के लिए हम सभी दृढ़संकल्पित है।

## मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री जसवंत सिंह के निधन पर दुःख व्यक्त किया

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री जसवंत सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को यह दुःख सहन करने की शक्ति देने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्रद्धेय श्री जसवंत सिंह पूर्ण समर्पण और निष्ठा के साथ आजीवन देश की सेवा करते रहे। एक सैनिक के रूप में मातृभूमि की सेवा करने के बाद आपने केन्द्रीय रक्षा मंत्री, विदेश मंत्री और वित्त मंत्री के रूप में देश की सेवा की, उनका योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा।



## पिता ने लूडो में की चीटिंग तो परिवार कोर्ट पहुंच गई 24 साल की बेटी

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में बड़ा अजीबो-गरीब मामला सामने आया है। जहां, लूडो के खेल को लेकर एक बेटी ने अपने पिता पर चीटिंग करने का आरोप लगाते हुए भोपाल परिवार न्यायाल का दरवाजा खटखटाया है। 24 साल की बेटी का आरोप है कि लूडो खेलते समय उसके पिता ने गेम में चीटिंग की है। अदालत में काउंसलर सरिता ने बताया कि उसने कहा है कि उसने अपने पिता पर इतना भरोसा था कि धोका देने की उम्मीद नहीं की थी। काउंसलर ने कहा कि हमने उसके साथ काउंसलिंग के चार सत्र बुलाए। काउंसलर ने कहा कि महिला ने कहा है कि उसने अपने पिता के लिए सम्मान खो दिया है क्योंकि वह उन्हें हराने के लिए गई थी। काउंसलर ने कहा कि उसे लगता है कि उसके पिता को उसकी खुशी के लिए खेल में हार जाना चाहिए था। हालांकि, काउंसलिंग के बाद वह अब सकारात्मक महसूस कर रही है।

## सफाई कर्मचारियों के हित में योजना बनाने समिति गठित

**रायसेन ।** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह के निर्देशानुसार नगरीय निकायों में कार्यरत विभिन्न श्रेणी के सफाई कर्मचारियों को सामाजिक, आर्थिक एवं व्यक्तिगत सुरक्षा प्रदान करने और कार्य के लिए स्वच्छ वातावरण प्रदान करने से संबंधित योजना बनाने के लिए 3 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। आयुक्त नगरीय प्रशासन विकास श्री निकुंज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि समिति के अध्यक्ष अपर संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास श्री पी एन पांडेय होंगे। समिति में संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास श्री अनिल कुमार गौड़ और उप संचालक श्री ओ पी झा सदस्य होंगे। समिति 7 दिन में योजना प्रस्तुत करेगी।

## टेस्टिंग टारगेट पूरा करने के लिये फीवर क्लीनिक की संख्या का निर्धारण जिला स्तर पर

**भोपाल ।** प्रदेश में कोरोना टेस्टिंग की गति को बढ़ाने और टारगेट पूरा करने के लिये आवश्यकतानुसार फीवर क्लीनिक की संख्या का निर्धारण जिला स्तर पर किया जायेगा। शहरी क्षेत्र में फीवर क्लीनिक प्रात~ 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक और ग्रामीण क्षेत्रों में फीवर क्लीनिक प्रात~ 9 बजे से शाम 4 बजे तक संचालित किये जायेंगे। सभी फीवर क्लीनिक सप्ताह में सातों दिन चलेंगे। आयुक्त स्वास्थ्य सेवा ने समस्त जिला कलेक्टर्स, मुख्य चकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षकों को उक्त निर्देश जारी किये हैं। निर्देशों में कहा गया कि प्रत्येक फीवर क्लीनिक की जानकारी सार्थक पोर्टल पर अपग्रेड की जाये। साथ ही जिले में स्थापित डिस्ट्रिक कोविड कमाण्ड सेन्टर पर भी जानकारी उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाये। सेम्पिलिंग के टारगेट को पूरा करने तथा स्थानीय आवश्यकतानुसार सेम्पलिंग की जरूरत पड़ने पर जिले में मोबाइल सेम्पल कलेक्शन/टेस्टिंग यूनिट भी स्थापित करें। प्रत्येक मोबाइल यूनिट किसी एक फीवर क्लीनिक से संबद्ध हो। ऐसे मोबाइल यूनिट ग्रामीण क्षेत्रों के हाट-बाजारों में तथा शहरी क्षेत्रों की जिन कालोनी में कोविड का प्रभाव अधिक हो, वहाँ कैम्प लगाकर सेम्पलिंग का कार्य किया जाये। मोबाइल यूनिट्स में यथासंभव को प्राथमिकता दिये जाने और आवश्यकता होने पर के सेम्पल लिये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

# जन-जन के सरोकार की सरकार है हमारी : मंत्री डॉ. मिश्रा

### 5 करोड़ 70 लाख के विकास एवं निर्माण कार्यो का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण

**भोपाल ।** गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने किसानों के कल्याण के लिये केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा लिये जा रहे 7निर्णयों को किसानों के हित में महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों को जीरो प्रतिशत पर ऋण उपलब्ध करा रही है। अब किसानों के खातों में मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजनांतर्गत दो किश्तों में 2-2 हजार की राशि जमा कराई जा रही है। वे शनिवार को दतिया जिले के बसई में आयोजित जन-समस्या निवारण शिविर को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बसई में 5 करोड़ 70 लाख रुपये की राशि के निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण किया। मंत्री डॉ. मिश्रा ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को भी लाभान्वित किया।

मंत्री डॉ. मिश्रा ने शिविर का शुभारंभ गौ-पूजन से किया। उन्होंने शिविर में विद्युत विभाग के अधिकारियों को विद्युत ट्रांसफार्मरों को तीन दिन में बदलने के निर्देश दिये। डॉ. मिश्रा ने कहा कि राजस्व नामांकन, बंटवारा और सीमांकन के प्रकरणों के निराकरण के लिये विशेष शिविर भी आयोजित किये जायें। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में लॉकडाउन के दौरान सरकार ने गरीब परिवारों को तीन माह का खाद्यान्न और पुनः दो माह का खाद्यान्न प्रदाय किया। डॉ. मिश्रा ने बसई में चार करोड़ 14 लाख की लागत के निर्माण एवं विकास कार्यो का भूमि-पूजन और एक करोड़ 56 लाख की लागत के निर्माण कार्यो का लोकार्पण किया। उन्होंने शिविर में ग्राम सांकुली के श्री पर्वत सिंह अहिरवार की दुर्घटना में मृत्यु होने पर परिजनों को 4 लाख रूपये, लखनपुर ग्राम पंचायत के बागपुरा निवासी श्री विजय सहरिया की मृत्यु होने पर दो लाख रूपये, बसई के श्री परमानंद अहिरवार की कैंसर से मृत्यु पर उनकी पत्नी श्रीमती गिरजाबाई अहिरवार को दो लाख रूपये की राशि प्रदाय की। शिविर में स्ट्रीट वेण्डर लोन योजना के तहत हितग्राहियों को भी 10-10 हजार रूपये की ब्याजमुक्त ऋण राशि प्रदाय की गई।

# किसानों को आत्मनिर्भरता की ओर ले जाएगी मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना

**भोपाल।** राजस्व मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान एकमात्र ऐसे किसान पुत्र मुख्यमंत्री है, जिन्होंने किसानों के दर्द को समझा, उनके महत्व को जाना और उनके कल्याण के लिए एक नहीं अनेक ऐसी योजनाएं क्रियान्वित की जिससे प्रदेश के किसान आत्मनिर्भर बन सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान जानते हैं कि किसान मानसून पर निर्भर रहता है। मौसम की अनिश्चितता से किसान कभी अतिवृष्टि से तो कभी फसलों की बीमारी के कारण आर्थिक रूप से चिन्ताग्रस्त रहता है। प्रधानमंत्री किसान कल्याण योजना में सम्मान निधि पाने वाले हितग्राहियों के लिए यह योजना सोने पे सुहागा सिद्ध होगी। मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना से किसानों को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी। मंत्री श्री राजपूत ने यह बात मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के राज्य-स्तरीय शुभारंभ अवसर पर कही। राजस्व मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि किसान कल्याण योजना का लाभ प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना के पात्र हितग्राहियों को ही दिया जाएगा। प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के अंतर्गत किसान परिवारों को प्रतिवर्ष 6 हजार रूपये तीन समान किश्तों में प्रदान किया जा रहा है। अब मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत प्रतिवर्ष 4 हजार रूपए दो समान किश्तों में किसानों को अतिरिक्त रूप से दिए जाएंगे। इस प्रकार प्रदेश के 77 लाख कृषक परिवारों को वर्ष में 10 हजार रूपये सम्मान निधि के रूप में मिलेगी। मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में 3200 करोड़ रूपये किसानों को वितरित किये जायेंगे।

# चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री सारंग ने जयप्रकाश चिकित्सालय का किया निरीक्षण

### सुव्यवस्थित होंगी कोविड सेंटर की सुविधाएँ

**भोपाल।** चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग ने शनिवार को जयप्रकाश चिकित्सालय का निरीक्षण किया और वहाँ की व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने कोविड सेंटर और ऑक्सीजन सप्लाई रूम सहित अन्य व्यवस्थाओं का मुआयना किया।



मंत्री श्री सारंग ने कहा कि अस्पताल में कोविड के लिये व्यवस्थाएँ सुचारु हों, इस दिशा में लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। व्यवस्थाएँ लगातार चुस्त-दुरुस्त करने की कोशिशें जारी हैं। कोविड पेशेंट की बढ़ती संख्या को देखते हुए व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जा रही हैं। कोविड के इलाज के लिये ऑक्सीजन जरूरी है और अभी पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन की सप्लाई हो रही है। श्री सारंग ने मरीजों के परिजन से भी चर्चा की और अस्पताल की व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। श्री विश्वास सारंग ने चिकित्सालय में डॉक्टर्स, स्टाफ आदि से चर्चा कर किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने डॉक्टर्स को चेताया कि मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इस बात का ध्यान रखा जाये। डॉक्टर्स अपने स्टाफ पर नियंत्रण रखें। किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। हाल ही में एक अव्यवस्था का प्रकरण सामने आने पर उन्होंने कहा कि कमिश्नर हेल्थ को प्रकरण की जाँच करने के निर्देश दिये गये हैं। लापरवाही बरतने वाले पर कार्यवाही सुनिश्चित होगी। श्री सारंग ने कहा कि व्यवस्थाएँ ठीक करने के लिये गार्ड की 8-8 घंटे की ड्यूटी सुनिश्चित की जाये। रात्रि में भी जरूरत पड़ने पर डॉक्टर्स मरीज का इलाज करें और जूनियर डॉक्टर्स को भी गाइडेंस दें। उन्होंने सी.सी. टी.व्ही. कैमरा लगवाने के भी निर्देश संबंधित को दिये। श्री सारंग ने कहा कि डॉक्टर्स, नर्स, स्टाफ, गार्ड सभी के ड्यूटी रोस्टर्स व्यवहारिक रूप से बनायें। इस मौके पर स्वास्थ्य आयुक्त श्री संजय गोयल, कलेक्टर श्री अविनाश लावनिया, सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी और सिविल सर्जन श्री आर.के. तिवारी मौजूद थे।

## आदतन अपराधी तीन माह के लिए जिलाबदर

**रायसेन।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा विभिन्न अपराधों में आरोपी विपिन जैन आ. छगनलाल जैन आयु 50 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर-12 इन्द्रानगर मण्डीदीप जिला रायसेन को एक वर्ष के लिए रायसेन जिले की सीमाओं से निष्कासित किया गया है। आरोपी वर्ष 2011 से लगातार हिंसात्मक आपराधिक घटनाओं के द्वारा क्षेत्र की शांति व्यवस्था को भंग करता आ रहा है। आरोपी विपिन जैन के कारण आमजन का जीवन यापन करना मुश्किल हो गया है। आरोपी के विरूद्ध विभिन्न अपराधों में 13 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है। न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आरोपी विपिन जैन के लिए जिलाबदर करने संबंधि पारित आदेश के अनुसार जिला रायसेन एवं जिला रायसेन के सीमावर्ती जिला भोपाल, विदिशा, सागर, सीहोर, होशंगाबाद एवं नरसिंहपुर जिले की राजस्व सीमाओं से 03 माह के लिए निष्कासित किया गया है।

# विक्रम संवत के प्रवर्तक विक्रमादित्य उज्जैन के शासक थे

### विक्रमादित्य की ऐतिहासिकता पर प्रख्यात विद्वान डॉ. एस.के. बाजपेयी का व्याख्यान

**रायसेन ।** संचालनालय पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित वेब श्रृंखला का छठवां ऑनलाइन व्याख्यान शनिवार को आयोजित किया गया। उज्जैन के शासक ष्विक्रमादित्य की ऐतिहासिक पर व्याख्यान भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के बैंगलुरु सर्कल के अधीक्षण पुरातत्वविद डॉ. शिवाकान्त बाजपेयी द्वारा प्रस्तुत किया गया। डॉ. बाजपेयी ने विक्रमादित्य से सम्बन्धित साहित्यिक साक्ष्यों, लोक कथानकों, अभिलेखीय साक्ष्यों एवं पुरातत्वीय साक्ष्यों के आधार पर ईसा पूर्व प्रथम शताब्दी में मध्यभारत के विशाल गणराज्य के होना प्रमाणित किया। मालव गणराज्य की राजधानी उज्जैन थी, जिसके शासक विक्रमादित्य लोकप्रिय शासक थे। शकों को पराजित कर विक्रमादित्य ने उज्जैन को अपनी राजधानी बनायी और ईसा पूर्व 57 का एक संवत चलाया, जिसे आज विक्रम संवत कहा जाता है। डॉ. बाजपेयी ने साहित्यिक साक्ष्यों को पुरातत्विक साक्ष्यों के साथ समीकृत किया और लोक कथाओं के नायक उज्जैन के राजा विक्रमादित्य की ऐतिहासिकता सिद्ध की। पूर्व में इतिहासकार विक्रमादित्य के काल एवं ऐतिहासिकता पर एकमत नहीं थे, किन्तु उज्जैन के स्थानीय इतिहासकारों एवं पुरातत्व विभाग के शोध कार्यों से विक्रमादित्य के सम्बन्ध में नवीन जानकारी प्रकाश में आयी है। डॉ. बाजपेयी ने नवीन जानकारियों की पुष्टि की है। उल्लेखनीय है कि डॉ. वाजपेयी ने 50 से अधिक रिसर्च पेपर और पुरातत्व के विभिन्न पहलुओं पर 10 पुस्तकें लिखी हैं। वर्ष 2003-04 में ष्सिरपुर-पुरातत्व एवं पर्यटन पर उनके द्वारा किये गये कार्य के लिये उन्हें पुरातत्ववेत्ताओं के बीच ख्याति प्राप्त हुई। डॉ. वाजपेयी को उनके लोकप्रिय कार्य ष्प्रारंभिक बौद्ध-धर्म एवं समाज के लिये उन्हें वर्ष 2003-04 में इंदिरा गाँधी नेशनल अवार्ड प्रदान किया गया। वे कलश और कौशला जर्नल आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इण्डिया और छत्तीसगढ़ राज्य पुरातत्व विभाग से भी जुड़े रहे हैं। वे ष्विक्रमादित्य की ऐतिहासिकता के लिये व्याख्यान देने के लिये आमंत्रित किये गये हैं।

## कोविड-19 की उपचार दरों के संबंध में हाइकोर्ट ने दिये सख्त निर्देश

**रायसेन।** उच्च न्यायालय, जबलपुर द्वारा डब्ल्यू.पी. 8914-2020 में पारित आदेश के परिपालन में समस्त उपचर्यागृहों एवं रूजोपचार सम्बन्धी स्थापनाओं (नर्सिंग होम्स एण्ड क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट्स) द्वारा कोविड-19 मरीजों के उपचार के लिये निर्धारित दरों को रिसेप्शन काउंटर पर प्रदर्शित करने के लिये निर्देशित किया गया है। उच्च न्यायालय ने कहा है कि मध्यप्रदेश उपचर्यागृह एवं रूजोपचार सम्बन्धी स्थापनायें (रजिस्ट्रीकरण एवं अनुज्ञापन) नियम 1997 की अनुसूची- प्प् के खण्ड( ) एवं 5(प) के अंतर्गत उपचर्यागृहों एवं रूजोपचार सम्बन्धी स्थापनाओं द्वारा रिसेप्शन काउंटर पर चिकित्सा की दरें प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाना अथवा मरीज/परिवार जन द्वारा मांगे जाने पर उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य है। आयुक्त स्वास्थ्य सेवाएँ द्वारा विभागीय आदेश जारी कर निर्देशित किया है कि समस्त उपचर्यागृहों एवं रूजोपचार सम्बन्धी स्थापनाओं द्वारा दिनांक 29 फरवरी 2020 को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सूचित रेट लिस्ट से 40 प्रतिशत से अधिक राशि कोविड-19 मरीजों से नहीं लिये जा सकेंगे। कोविड-19 की रोकथाम के लिये उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश एवं संदर्भित विभागीय आदेश के परिपालन में मध्यप्रदेश समस्त उपचर्यागृहों एवं रूजोपचार सम्बन्धी स्थापनाएँ (रजिस्ट्रीकरण एवं अनुज्ञापन) अधिनियम एवं नियम के अंतर्गत जिले में पंजीकृत उपचर्यागृहों एवं रूजोपचार स्थापनाओं द्वारा कोविड-19 मरीजों के उपचार के लिये निर्धारित दरों (त्जम स्पेज) को रिसेप्शन काउंटर पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करने के आदेश दिये गये हैं।

## मन की बात

### आम्रपाली (नगरबधू)



हृदय पीड़ा धरी स्पंदन
भरी
गौतमबुद्ध समी राज
नर्तकी खड़ी
हु क्या नगरबधु सम्राटो
की
अंतर मय वेदना जल रही
क्या मे श्रृंगार लोक भोग्या
बनी हु मे उपभोग मिथ्या
आशाओ की डोर छूटी
कंचन काया की बांध टूटी
आंशू ओ की नमी सुखी
कुलवधू की छवि फूटी
जन हर एक विलासी
ढूँढू इंसान हृदय तलाशी
टूटी फूटी मिली ना मानवीयता
मुखौटे पीछ देखी अमानवीयता
वैषीपन का मेल सारा
सुख़ वैभव का खेल सारा
भष्म हुआ हर वहम वहम
नर्तकी का टुटा भरम भरम
त्यजकर सुख़ सारे कुलवधू संग
शून्य हृदय से रहती सम्राटो संग
त्यजु मे सुख़ सारे वैभव
है भगवान मुझ पावन करो
सप्त भूमि प्रसाद संग

आम्रपाली जिस भवन में रहती थी, उसका नाम सप्तभूमि प्रासाद था। इसकी शोभा अतुलनीय थी। सप्तभूमि प्रासाद में विलास के तमाम साधन मौजूद थे। अपार धन-दौलत के साथ सम्राटों की तरह जीवन जीने की स्वच्छंदता थी। बड़े -बड़े सम्राटों को सप्तभूमि प्रासाद का लाभ मिलता था एक बार वहां गौतम बुद्ध ने उस स्थान को पावन बनाया, सप्त भूमि प्रसाद मे एक घने पैड के निचे ध्यान लगाया, तभी आम्रपाली वहां अपनी **आत्मव्यथा कहती है..**

**एकएहसास**

### बेटी



ना जाने मेरी बेटी मुझे कैसे खेल खिलाती है
बेटा मुझे बनाकर मम्मी मेरी बन जाती है
सर पर रखकर चुन्नी अपनी मम्मी की तरह
बहुत बड़ा घूंघट कर कर बैठ जाती है
बेटा मुझे बनाकर मम्मी मेरी बन जाती है
ना जाने मेरी बेटी मुझे कैसे खेल खिलाती है
मैं झूठ मुठ रूठ जाता हूँ आकर मनाती हैं
ढोल ढोलक बजा बजाकर मुझे न चाहती है
बनाकर अपने नन्हे नन्हे हाथों से रोटी
मुझे अपने नन्हे नन्हे हाथों से खिलाती है
बेटा मुझे बनाकर मम्मी मेरे बन जाती है
खुश हूँ मैं दुनिया में तमन्ना मेरी छोटी है
मेरा अनमोल रतन अनमोल खजाना बेटी है
बेटी बिना जिंदगी की राह नजर नही आती है
बेटा मुझे बनाकर मम्मी मेरी बन जाती है
ना चाहे मेरी बेटी मुझे कैसे खेल खिलाती है

**महेश राठौर सोनू**
**गाँव राजपुर गढ़ी**
**जिला मु. नगर**

### नारी



जीवन की जननी है कुदरत का अभिमान है
कहलाए नारी वो ईश्वर भी करता उसका सम्मान है,
मां बनकर तुम्हें बुरी नज़रों से बचाती
कोई भी दुख तुम्हारा देख नहीं पाती
तुम्हारे में ही बस्ती हरदम उसकी जान है,
बहन बनकर मांगती तुम्हारे लिए दुआएं
सुनती तुम्हें और अपने सर लेती तुम्हारी बलाएं
सह नहीं पाती तुम्हारा जो अपमान है,
पत्नी बनकर सुख दुख सारे साथ निभाती
प्रेम देकर तुम्हारे जीवन में स्थिरता लाती
कठिन जीवन को बनाती आसान है,
बेटी बनकर देती तुम्हारे नाम को आधार
घर की रौनक बनती ना करती तुम्हें लाचार
कन्यादान का पुन्य दिलाती करती तुम्हें महान है,
सबके घर बसने वाला एक सा वरदान है
सम्मान करो ! दो इनको जो इनका स्थान है।

**कवि स्वामी दास**
**परिचय-**
**कवि स्वामी दास (क़लम नाम)**
**दीपक राणा**
**एम. बी. ए. (इन्फोर्मेशन सिस्टम)**
**स्वतंत्र कविता लेखन**

# क्या भारत में सांसदों की छंटनी होनी चाहिए?

कोरोना वॉयरस महामारी के चलते आज पूरे विश्व में हालात बहुत खराब हैं और पूरी दुनिया में लोगों को अपनी नौकरियों से हाथ धोना पड़ रहा है। प्राइवेट सेक्टर में तो जैसे छंटनी की बाढ़ सी आ गई है। बड़ी-बड़ी प्राइवेट कंपनियां नौकरियों में कटौती कर रही हैं। आज जब आम नागरिकों से उनकी नौकरियां छिन रही हैं तो नेताओं और सांसदों की नौकरियों में छंटनी क्यों नहीं की जा रही? क्या वास्तव में देश चलाने के लिए इतने सांसदों की आवश्यकता है, जितने मौजूदा समय में हैं? क्या यदि सांसदों की संख्या कम कर दी जाए तो देश चलाना कठिन होगा? वर्ष 2018 की एक रिपोर्ट के अनुसार हमारे देश में संसद की कार्यवाही पर प्रति घंटे डेढ़ करोड़ रुपए खर्च होते है और प्रति मिनट लगभग ढाई लाख रुपए। यदि संसद में 1 मिनट भी बर्बाद होता है तो समझ लीजिए जनता के ढाई लाख रुपए बर्बाद हुए। एक वर्ष में संसद के सत्रों की कुल अवधि लगभग 100 दिनों की होती है। किंतु संसद में कामकाज कितना शांतिपूर्ण होता है, यह हम सभी जानते हैं। सांसदों की यह भीड़ संसद में किस प्रकार हंगामा मचाती है, इसका तमाशा आज पूरा देश देख रहा है। किंतु



सांसदों को इसकी कोई परवाह नहीं है। एक सांसद को जितना वेतन और सुविधाएं मिलती हैं, क्या इस आपातकाल में उनमें कटौती नहीं होनी चाहिए? जब देश की जीडीपी इतनी नीचे जा रही है, मध्यमवर्ग गरीबी की रेखा के नीचे पहुंच गया है और जो गरीब थे, अब भूखों मरने के लिए मजबूर हैं, तो फिर नेताओं और सांसदों के लिए इतना पैसा और सुविधाएं क्यों उपलब्ध हैं? आज सांसद बनना मानो ऐश करने का पर्याय बन गया है। बड़े से बड़े बिजनेसमैन और नेता सभी सांसद बनने के लिए उतावले रहते हैं। इसीलिए लोकसभा चुनाव में टिकट मिलने के लिए इतनी होड़ लगी रहती है और करोड़ों रुपए अपने पास से खर्च करके भी लोग सांसद बनना चाहते हैं। इसी तरह बड़े-बड़े प्रभावशाली व्यक्ति राज्यसभा का सांसद बनने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा देते हैं। सांसदों को जो पॉवर, पैसा और सुविधाएं प्राप्त होती हैं, उन्हें पाने के लिए नेता, कार्यकर्ता और बिजनेसमैन सभी लालायित रहते हैं। 20--21 सितंबर को इटली में हुए जनमत संग्रह के परिणाम स्वरूप वर्ष 2023 से इटली में सांसदों की संख्या 945 से घटाकर 600 कर दी जाएगी। यह दावा किया जा रहा है कि इससे इटली की संसद के काम में सुधार होगा और पैसे की भी बचत होगी। इटली में भी भारत की तरह संसद के दो सदन होते हैं। इटली के निचले सदन को प्रतिनिधि सभा कहा जाता है। इस प्रतिनिधि सभा में 630 सांसद होते हैं और इनका चुनाव भारत के लोकसभा चुनाव की तरह होता है। इटली की संसद के दूसरे सदन को सीनेट कहा जाता है। सीनेट में 315 सदस्य होते हैं। भारत की तरह इटली में भी कोई कानून तभी पारित हो पाता है, जब दोनों सदन उस कानून को मंजूरी देदें। इटली में यदि देशहित के लिए सांसदों की संख्या में कटौती करने जैसा बड़ा फैसला लिया जा सकता है, तो फिर हमारे देश में क्यों नहीं? इसी तरह जर्मनी में भी संसद को छोटा करने पर बहस चल रही है। जर्मनी में चुनाव की जो प्रक्रिया है, उसके अंतर्गत मतदान से पहले पता नहीं चल पाता कि संसद के कुल कितने सदस्य होंगे। जर्मनी में सांसदों की संख्या, देश के हर प्रांत में भाग लेने वाली पार्टियों, उन्हें मिलने वाले वोटों और उस राज्य में सीधे जीतने वाली सीटों पर निर्भर करती है। हर सांसद के चुने जाने के साथ उन पर किया जाने वाला खर्च का बोझ भी बढ़ जाता है। किंतु जर्मनी में यही अतिरिक्त सीटें कई बार यह तय करती हैं कि सरकार किस पार्टी की बनेगी। इसीलिए जर्मनी में राजनीतिक दलों का इसे बदलने पर सहमत हो पाना बहुत कठिन है।

**रंजना मिश्रा**
**कानपुर, उत्तर प्रदेश**

# गांधी जी के विचारों की प्रासंगिकता

अहिंसा के प्रबल समर्थक, शांति के अग्रदूत? और? भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के विचारों की प्रासंगिकता आज भी बनी हुई है। मौजूदा वक्त में बढ़ती भूखमरी, बेरोजगारी, विश्व हिंसा, वैश्विक आर्थिक मंदी और आपसी वैमनस्यता के बीच गांधी जी के विचारों की प्रासंगिकता और अधिक बढ़ गई है। दुनिया में समरसता, सद्भाव, अहिंसा और सत्य की बात करने वाले गांधी जी के जन्मदिवस 2 अक्टूबर को विश्व अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जाता है। गांधी जी ने अपने विचारों से न केवल भारतीयों को प्रभावित किया बल्कि समूचे विश्व को प्रेरित भी किया। एक समय विदेशी महात्मा गांधी जी को अकसर संबोधन में अपमानजनक शब्दों से संबोधित किया करते थे। गांधी को संबोधन में अर्धनग्न फकीर कहा करते थे। यद्यपि महात्मा गांधी जी ने अपने जीवन में अनेक कष्ट और यात्नाएं झेली। गांधी जी को एक बार नस्लभेद के आधार पर ट्रेन में सफर करने से वंचित कर दिया था। यह वाकया गांधी जी के साथ अफ्रीका में हुआ। जब उनके पास प्रथम श्रेणी की वैध टिकट होने के बावजूद उन्हें तीसरी श्रेणी के डिब्बे में जाने से इनकार कर दिया, जब वे पायदान पर बैठ गए तो एक यूरोपियन को कुछ नागवार गुजरा उसने गांधी जी को धक्का देकर ट्रेन में सफर से वंचित कर दिया था। इस वाकये पर एक बार गांधी जी से किसी ने सवाल किया, तब गांधी जी ने जवाब दिया कि आंख के बदले? आंख पूरे विश्व को अंधा बना देगी। उन्होंने आगे कहा कि मरने के



लिए मेरे पास बहुत से कारण हैं, किंतु मेरे पास किसी को मारने का कोई भी कारण नहीं है। महात्मा गांधी जी ने अपना तन, मन और धन राष्ट्र के हित में समर्पित कर दिया। महात्मा गांधी जी ने 200 वर्षों की दीर्घकालीन पराधीनता के पश्चात भारत को स्वाधीनता के मुहाने पर लाकर खड़ा कर दिया।? गांधी जी ने नस्लभेद मिटाने के साथ-साथ हरिजन हितार्थ और हिन्दू-मुस्लिम में एकता स्थापित करने के कई प्रयास भी किए। गांधी जी ने चंपारण से स्वाधीनता की बिगुल बजाई और खिलाफत में हिंदू-मुस्लिम की एकता की अद्भुत मिसाल पेश की। उनकी अगुवाई में उद्-घोष %करो या मरो% ने देश को 15 अगस्त 1947 को आजादी दिलाई। गांधी जी ने शिक्षा के संदर्भ में एक सिद्धांत प्रतिपादित किया। वह सिद्धांत बुनियादी शिक्षा को लेकर था। गांधी जी का बुनियादी शिक्षा का सिद्धांत आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना उस समय था। गांधी जी अपने बुनियादी शिक्षा के उद्देश्यों में बच्चे का सर्वांगीण विकास, अच्छे चरित्र का निर्माण, आदर्श नागरिक बनाने के साथ-साथ उसे स्वावलंबी बनाने की बात करते थे। यद्यपि हम भारतीय गांधी जी के स्वाधीनता संग्राम में योगदान को को कभी नकार नहीं सकते। लेकिन आज देश में गांधी जी के विचारों की प्रासंगिकता पर सवाल उठाए जा रहे हैं। गांधी जी के विचारों को ताक पर रखकर कई अनुचित प्रकृति के कदम उठाए जा रहे हैं। जो वाकई बेहद चिंताजनक है। अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी जी के बारे में महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन ने बिलकुल सटीक कहा था कि भविष्य की पीढ़ियों को इस बात पर विश्वास करने में मुश्किल होगी कि हाड़-मांस से बना ऐसा कोई व्यक्ति भी कभी धरती पर आया था।

**अली खान**
**(स्वतंत्र लेखक एवं स्तंभकार)**
**जैसलमेर, राजस्थान**

## साहित्य साधना...



साहित्य है एक साधना,
लोकहित की यह कामना,
नीजहित में मानव पतित,
साहित्य जनहित की आराधना,
साहित्य संगम रहा ढूंढ़,
साहित्यकारों का महाकुंभ,
शपथ बेहतर भविष्य बनाना,
आओ करें साहित्य साधना,
सृजन का यह अद्भुत जुनून,
बोल सकता यही अंधा कानून,
इसका साधक कब कहां डरा,
इससे भयभीत कितना बेमौत मरा,
फिर भी एक सवाल कठिन,
पूछता सबसे कलमकार बिपिन,
अंधकार घना और क्यों भयभीत
**धरा,**
**परिवर्तन की दरकार, कैसे बदले**
**विचारधारा...**

**बिपिन कुमार चौधरी, शिक्षक**
**कटिहार (बिहार)**

## कोरोना महामारी है



सारे जग में फैल चुकी ये, कोरोना
महामारी है।
फैल रही जो छुआछूत से, ऐ
संक्रामक भारी है।।
दहलीज न पार करो घर की, जंग
हमारी जारी है।
उपचार नही जग में इसका, लाइलाज
बीमारी है।।
सीमाओं पर जाने कितने, युद्ध लड़े
होंगें हमने।
हार-जीत के कितने हर्ष विषाद सहे
होंगें हमने ।।
एक महामारी कोरोना, जीवन पर
अभिशाप बनी।
बन बीमारी छुआछूत की, मानव का
संताप बनी।।
सामाजिक दूरी अपनाना, हम सबकी
मजबूरी है।
जिंदा रहना है गर हमको, दूरी बहुत
जरूरी है।।
बार-बार चेहरा मत छूना, हाथों को
साबुन से धोना।
मास्क लगा लेना चेहरे पर, तब घर
से बाहर होना।।
लांघ नहीं लक्ष्मण रेखा को, यह
दरकार सुनी होगी।
सीमा लाँघ गई सीता की, करुण
पुकार सुनी होगी।।
एक जंग कोरोना से, घर बैठे ही
लड़नी होगी।
घर में रह कर मानवता की, रक्षा अब
करनी होगी।।

**सेतराम साहू सेतु मार्तण्ड**
**कौहाकुड़ा पिथौरा (छ. ग.)**

# संसद के दोनों सदनों में श्रम कोड बिल 2020 पास - अब कानून बनेगा

**श्रम सुधारों में ऐतिहासिक संशोधन - एड किशन भावनानी**

गोंदिया - केंद्र सरकार ने सभी श्रम कानूनों को चार लेबर कोड में शामिल करने का काम 2014 में शुरू किया था। कुल 44 श्रम कानूनों में से 12 कानूनों को इसमें पहले ही शामिल किया जा चुका था। शेष 29 कानूनों को अब चार लेबर कोड में शामिल किया गया है। इंडस्ट्रियल रिलेशन कोड बिल 2020 में 14 चैप्टर व 56 पृष्ठ, 104 धाराएं और तीन शेड्यूल शामिल किए गए हैं। इन तीनों कोड को बीते साल संसदीय स्टैंडिंग कमेटी के समक्ष पेश किया गया था. कमेटी ने तमाम स्तर पर विचार-विमर्श के बाद 233 अनुशंसाएं श्रम मंत्रालय को सौंपी। 1) सामाजिक और व्यावसायिक सुरक्षा कोड में 9 श्रम कानूनों को शामिल किया गया है।2) स्वास्थ्य और कार्य शर्त कोड 2020 में 13 श्रम कानून शामिल किए गए हैं। 3) औद्योगिक संबंध कोड विधेयक 2020 में 30 श्रम कानून शामिल किए गए हैं। केंद्र सरकार ने बुधवार 23 सितंबर 2020 को राज्यसभा में नए श्रम बिलों को पास करा दिया गया। केंद्रीय श्रम मंत्री संतोष गंगवार के मुताबिक नए श्रम कानून से देश के संगठित व असंगठित दोनों ही प्रकार के श्रमिकों को कई प्रकार की नई सुविधाएं मिलेंगी। इस कानून के तहत सभी श्रमिकों को नियुक्ति पत्र देना अनिवार्य होगा। इसमें सभी श्रमिकों का साल में एक बार का हेल्थ चेकअप भी अनिवार्य किया गया है। वहीं, उद्यमियों के कारोबार को आसान बनाने के लिए कई प्रावधान लाए गए हैं। इसे लोकसभा से पहले ही पास करा दिया गया था। श्रम मंत्री संतोष गंगवार ने आज राज्यसभा में बताया कि पहला कोड ऑन वेजेज गस्त, 2019 में ही सदन द्वारा पारित किया जा चुका है। स कानून के द्वारा ही सरकार देशभर के 50 करोड़ श्रमिकों को न्यूनतम मजदूरी तथा समय पर वेतन मिलने का कानूनी अधिकार दिया था। अब इसी कड़ी में केंद्र सरकार ने शेष तीन लेबर कोड बिल राज्यसभा से पास कराएं हैं। (1)इंडस्ट्रियल रिलेशन बिल- 2020 इसके तहत अब जिन कंपनियों में कर्मचारियों की संख्या 300 से कम है, वे सरकार से मंजूरी लिए बिना ही कर्मचारियों की छंटनी कर सकेंगी। अब तक ये प्रावधान सिर्फ उन्हीं कंपनियों के लिए था, जिसमें 100 से कम कर्मचारी हों। अब नए बिल में इस सीमा को बढ़ाया गया है। छंटनी या शटडाउन की इजाज़त उन्हीं ऑर्गनाइज़ेशन को दी जाएगी, जिनके कर्मचारियों की संख्या पिछले 12 महीने में हर रोज़ औसतन 300 से कम ही रही हो। इसके अलावा ये बिल कहता है कि किसी भी संगठन में काम करने वाला कोई भी कामगार बिना 60 दिन पहले नोटिस दिए हड़ताल पर नहीं जा सकता। फिलहाल ये अवधि छह हफ्ते की है।

2) ऑक्यूपेशनल सेफ्टी, हेल्थ एंड वर्किंग कंडीशन बिल- 2020 ये बिल कंपनियों को छूट देगा कि वे अधिकतर लोगों को कॉन्ट्रैक्ट बेसिस पर नौकरी दे सकें। साथ ही कॉन्ट्रैक्ट को कितनी भी बार और कितने भी समय के लिए बढ़ाया जा सकेगा। इसके लिए कोई सीमा तय नहीं की गई है। वो प्रावधान भी अब हटा दिया गया है, जिसके तहत किसी भी मौजूदा कर्मचारी को कॉन्ट्रैक्ट वर्कर में तब्दील करने पर रोक थी। इसमें महिलाओं के लिए वर्किंग आवर (काम के घंटे) सुबह 6 बजे से लेकर शाम 7 बजे के बीच ही रहेगा। शाम 7 बजे शाम के बाद अगर काम कराया जा रहा है, तो सुरक्षा की जिम्मेदारी कंपनी की होगी। कोई भी कर्मचारी एक हफ्ते में छह दिन से ज्यादा काम नहीं कर सकता। ओवरटाइम कराने पर उस दिन का दोगुना पैसा। इसके साथ ही बिना अपॉइंटमेंट लेटर के किसी की भर्ती नहीं होगी।

(3) सोशल सिक्योरिटी बिल- 2020

**अब एक साल में मिल सकेगी ग्रैच्युटी** – सोशल सिक्योरिटी कोड 2020 के नए प्रावधानों में बताया गया है कि जिन लोगों को फिक्सड टर्म बेसिस पर नौकरी मिलेगी. उन्हें उतने दिन के आधार पर ग्रेच्युटी पाने का भी हक होगा. इसके लिए पांच साल पूरे की जरुरत नहीं है. अगर आसान शब्दों में कहें तो कॉन्ट्रैक्ट बेसिस पर काम करने वालों को उनके वेतन के साथ-साथ अब ग्रेच्युटी का फायदा भी मिलेगा. वो कॉन्ट्रैक्ट कितने दिन का भी हो। अगर कर्मचारी नौकरी की कुछ शर्तों को पूरा करता है तो ग्रेच्युटी का भुगतान एक निर्धारित फॉर्मूले के तहत गारंटीड तौर पर उसे दिया जाएगा। ग्रेच्युटी का छोटा हिस्सा कर्मचारी की सैलरी से कटता है, लेकिन बड़ा हिस्सा कंपनी की तरफ से दिया जाता है. मौजूदा व्यवस्था के मुताबिक अगर कोई शख्स एक कंपनी में कम से कम 5 साल तक काम करता है तो वह ग्रेच्युटी का हकदार होता है. पिछले कुछ साल से वर्किंग यूनियंस की तरफ से लगातार ये मांग उठ रही थी कि नौकरी करने के नए तौर-तरीकों में पांच साल का वक्त बहुत ज़्यादा है. इसे एक साल या तीन साल किया जाए. इसी के बाद ये संशोधन किया जा रहा है.



**क्या होती है ग्रेच्युटी** – एक ही कंपनी में लंबे समय तक काम करने वाले कर्मचारियों को सैलरी, पेंशन और प्रोविडेंट फंड के अलावा ग्रेच्युटी भी दी जाती है. ग्रेच्युटी किसी कर्मचारी को कंपनी की ओर से मिलने वाला रिवार्ड होतिा है। पेमेंट ऑफ ग्रेच्युटी एक्ट, 1972-पेमेंट ऑफ ग्रेच्युटी एक्ट, 1972 के तहत इसका लाभ उस संस्थान के हर कर्मचारी को मिलता है जहां 10 से ज्यादा एंप्लॉई काम करते हैं। अगर कर्मचारी नौकरी बदलता है, रिटायर हो जाता है या किसी कारणवश नौकरी छोड़ देता है लेकिन वह ग्रेच्युटी के नियमों को पूरा करता है तो उसे ग्रेच?युटी का लाभ मिलता है। अतः उपरोक्त पूरे बिलों का विश्लेषण किया जाए तो हम यह देखते हैं कि इतने ढेर सारे श्रम कानूनों से मुक्ति मिली और वो सिमटकर 4 बिलों में हो गए जिससे औद्योगिक क्षेत्र में श्रम क्षेत्र में सुविधा होगी, विवादों को आसानी से समझा व निपटाया जा सकेगा, जिससे दूरगामी, अनुकूल प्रभाव पड़ेगा और दोनों क्षेत्रों में सामंजस्य स्थापित होगा और विकास को गई मिलेगी कर विशेषज्ञ

**एड किशन भावनानी गोंदिया (महाराष्ट्र) माननीय सर मै एड किशन भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र से सर जी मै विभिन्न विषयों पर लेख व कानूनी विषयो पर लेख बिना किसी मानधन के बेबाक लिखता हूं कृपया उचित लगे तो कृपया प्रकाशित करेंगे जी।**

## अपनी-अपनी बात

### दौर बयान बाजियों का विजय रथ है



बयान बाजियों का दौर भी अपना एक लॉलीपॉप लेकर आता है, जिसमें घोर तपस्वी अपनी-अपनी गुफाओं से निकलकर आ जाते हैं अपने चमत्कृत कर्म से भावों को शब्दों में पिरो कर बयानों को तुकांत में भिड़ा कर प्रतिद्वंदी पर आक्रमण कर बैठते हैं और चुनाव नतीजों तक हक पर अड़े रहते हैं,माइक, कैमरा वाली स्वतंत्र गाड़ियां घूमा करती हैं कि कब कल्याणमयी रॉकेट का सफल परीक्षण कर बैठे 7 हमारे बयान बाजियों के बादशाह घोर तपस्वी नेता श्री मतदाताओं की नब्ज को टटोल रहे हैं, पर यह कोई चिकित्सिय बीमारी का इलाज करने वाली नब्ज़ नहीं है और ना ही कोई नाड़ी देखकर बताने वाला है डॉक्टर है यह दौर तो बयानबाज़ियों का जातिगत समीकरण को साधने का पुराना ढर्रा है और सुशासन तो इस बार की संजीवनी है और लाली पॉप विजय रथ की निशानी तथा विजय झुनझुना व्यस्त रखने का उपकरण बयान बाजियों के दौर में कौन किसका रिश्तेदार कब बन जाए कुछ कहा नहीं जा सकता 7बड़ा भाई छोटा भाई भी बन जाता है छोटा भाई बड़ा भाई बन जाता है कब बुआ-भतीजा का रिश्ता जाग जाएं जो विजय रथ में लटकने के लिए समीकरण जाल बिछाने के लिए प्रतिद्वंदी को रिश्तो के चक्रव्यू से हरा ही देता है यह तो बयानबाज़ियों का दौर है जो जेल के अंदर से ही ÷अबकी जनता के शासन की बारी÷ ताबड़तोड़ जनता के लिए कल्याणकारी भूमिका निभा रहे हैं हर साख पर उल्लू बैठा लगाकर चुनाव के रथ पर सवार रहते कांटों को फूल में बदल रहे हैं,बयानों के दौर में जातिगत समीकरण से गणित वाले सवाल 15 साल पुराने फार्मूले से हल कर रहे हैं7 ÷का हाल बा÷ के विजय रथ पर सवार हैं, बैनर-होर्डिंग के तामझाम की समस्याओं से मुक्त हैं चुनावी विजय रथ पर सवार होकर नीली स्याही की उंगलियों का गिनने तक का इंतजार है जिसमें तुम्हारे और हमारे कल्याण का हित भूसे में सुई ढूंढने के बराबर छुपा हुआ है जिसमें सभी तपस्वी तब से 5 वर्षों तक समस्याओं का हल खोजते हैं तब कहीं जाकर अधूरे हितों को अमलीजामा पहनाते हैं बयान बाज़ियों का दार है इसमें यही कामयाब होते हैं।

**कवि कुमार प्रिंस रस्तोगी**
**सहादतगंज लखनऊ**

### सद्विचार



विधा ओर देव की नई नई शादी हुई दोनों बेहद खुश थे। देव अकेला ही है दो साल पहले ही प्लेन क्रेश में उसके पापा मिस्टर डाक्टर आनंद ओर मम्मी शालीनी चल बसे। देव के पापा डाक्टर थे तो देव को भी मेडिकल में एडमिशन दिलवा कर हार्ट स्पेश्यालिस्ट बनाया ताकि आगे जाकर अपनी हॉस्पिटल संभाल सके। देव के मम्मी पापा के गुज़र जाने के बाद देव बिलकुल अकेला हो गया। सारे सुख थे न धन दौलत की कमी, न ओर कोई परेशानी पर अकेलेपन ने देव को डिप्रेश कर दिया। तो देव के मामा संजीव वर्मा जी ने सोचा देव की शादी हो जानी चाहिए वरना लड़की टूट जाएगा। तो उन्होंने अपने साले की बेटी विधा से देव की शादी की बात चलाई। दोनों एक-दूसरे को पसंद आ गए तो चट मंगनी ओर पट ब्याह भी हो गया। अब देव विद्या के साथ खुश रहने लगा कुछ दिन हंसी खुशी बीत गए। देव वापस हास्पीटल में बीज़ी हो गया, पर विधा घर पर अकेली बोर हो जाती थी। देव के घर आते ही फरियाद का पिटारा खोल देती थी, मैं क्या करुँ अकेली तुम जल्दी घर आया करो वगैरह। कुछ समय बाद देव के मम्मी पापा की बरसी थी तो देव ने सोचा उस दिन वृध्धाश्रम में जाकर कुछ चीजों का दान कर दूँ। कुछ कपड़े, बेडसीट ओर जो वहाँ की जरुरत हो। देव ओर विधा सारा सामान लेकर गए वृद्धाश्रम। पर दोनों की आँखें भर आई वृद्धों की हालत देखकर। देव ओर विधा को एक साथ एक ही खयाल आया। देव ने विधा से कहा तुम हर रोज़ फरियाद करती हो ना की तुम अकेले बोर हो जाती हो तो क्यूँ ना हम यहाँ से माँ बाप को एडाप्ट करें। उनको घर मिल जाएगा हमारी माँ बाप की कमी पूरी हो जएगी। और तुम्हें कंपनी भी मिल जाएगी। विधा खुश होते बोली देव तुमने मेरे मन की बात कह दी। बस अब जल्दी से माँ बाप को घर ले आते है। देव ने वृध्धाश्रम के ट्रस्टी से बात की और जो दो पति पत्नी थे उनको एडाप्ट करने की इच्छा जताई। ट्रस्टी भरत भाई की आँखें भर आई और बोले बेटा आज तक यहाँ बेटे-बहू माँ बाप को छोड़ने आया करते थे आज पहली बार कोई बेटा-बहू माँ-बाप ले जाने के लिए आए है इससे बड़ी खुशी की बात और क्या हो सकती है।भगवान तुम जैसा बेटा-बहू सबको दें। आज एक वृद्ध दंपत्ति को घर परिवार मिला है ओर एक बेटे-बहू को मा-बाप का प्यार। सब हंसी खुशी रहते है, विधा को खुश देखकर देव भी खुश है दिल में एक संतोष लिए। भरत भाई मन ही मन बोलते है ऐसी सुबुद्धि भगवान सबको दे ताकि समाज से वृध्धाश्रम जैसा कलंक नश्तेनाबूद हो जाए।।

**(भावना ठाकर, बेंगुलूरु)**
**ग़भावु**

### आज बिटिया दिवस है



आज हमारी सभी प्यारीबेटियों को ढेर सारा
प्यार ओरआशीर्वाद
नाजुक सा दिल रखती, मासूम सी होती हैं
बेटियां.
बात बात पर रोती, नादान सी होती हैं बेटियां.
हैं रेहमत से भरपूर, भगवान की नेमत ये
बेटियां.
घर भी महक उठता है, जब मुस्कराती हैं
बेटियां.
होता है अजीब सा खालीपन, जब छोड़ कर
चली जाती हैं बेटियां.
घर लगता है सूना सूना, कितना रुला जाती हैं बेटियां.
बाबुल की प्यारी होती हैं बेटियां और
ससुराल में सबकी लाडली होती हैं बेटियां,
ये हम नहीं कहते , ये तो भगवान कहते है कि,
जब मैं बहुत खुश होता हूँ तो जन्म लेती हैं बेटियां.
लाख गुलाब लगा लो अपने आँगन में
जीवन में खुशबू तो बेटी के आने से ही होगी।

**रामस्वरुप रजक**

# क्या नेहा पेंडसे होंगी भाभी जी घर पर हैं कि नई अनीता भाभी



टीवी का पॉप्युलर शो भाभी जी घर पर हैं में अनीता भाभी के शो छोड़ने के बाद से अभी तक शो में इस किरदार के लिए नई एक्ट्रेस नहीं आई हैं। हालांकि ऐसी खबरें आ रही थीं कि शो में अनीता भाभी का किरदार नेहा पेंडसे निभा सकती हैं। हालांकि जब नेहा से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने इन खबरों को गलत बताया।

नेहा ने कहा, मुझे अभी तक भी भाभी जी घर पर है के मेकर्स की तरफ से कोई कॉल नहीं आया है और न ही इस शो के लिए मुझे अप्रोच किया गया है। ये खबर पूरी तरह से झूठ है। मैं भाभी जी घर पर है में सौम्या टंडन को रिप्लेस नहीं कर रही हूं। बता दें कि नेहा इससे पहले शो मे आई कम इन मैडम में संजना हितेशी के किरदार में नजर आई थीं। इसके बाद वह 2018 में शो बिग बॉस में नजर आई थीं। वैसे नेहा से पहले शेफाली जरीवाला का नाम भी इस शो के लिए आया था। हालांकि शेफाली ने भी यही कहा था कि उन्हें इस शो के लिए कोई ऑफर नहीं आया है।

### शो छोड़ने पर क्या बोलीं सौम्या टंडन

सौम्या ने एक इंटरव्यू में कहा था, हां मैंने अपना कॉन्ट्रैक्ट नहीं बढ़ाने का फैसला लिया है। भाबी जी घर पर हैं शो ने मेरी ग्रोथ में बहुत योगदान दिया है। मेरी एक यादगार जर्नी रही है। लेकिन अब मैं आने वाले पांच सालों में खुद को उसी रोल में नहीं देखना चाहती।

### गुलफाम कली ने भी छोड़ा शो



हाल ही में खबर आई थी कि शो में गुलफाम कली का किरदार निभाने वालीं फाल्गुनी रजनी ने शो छोड़ दिया है। खबरों की मानें तो फाल्गुनी ने यह शो मराठी शो करने के लिए छोड़ा है। काफी समय से फाल्गुनी शो से गायब हैं। वह शो में दिख नहीं रही थीं। वह ज्यादातर हप्पू सिंह के साथ नजर आती थीं, लेकिन जबसे हप्पू सिंह का नया शो हप्पू की पलटन शुरू हुआ है तबसे फाल्गुनी भी कम ही दिख रही थीं। हालांकि अभी इस बारे में शो के मेकर्स और एक्ट्रेस की तरफ से कोई स्टेटमेंट नहीं आया है।



## दीपिका पादुकोण पर शर्लिन चोपड़ा ने मारा ताना, कहा-

# माल नहीं लिया तो 12 वकीलों से मशविरा क्यों



दीपिका पादुकोण की एनसीबी की पूछताछ से पहले बढ़ी परेशानियों पर एक्ट्रेस शर्लिन चोपड़ा ने उन पर तंज कसा है. उन्होंने एक ट्वीट किया जो खूब वायरल हो रहा है. सुशांत सिंह राजपूत केस की जांच में ड्रग एंगल सामने आने के बाद एनसीबी की रडार पर अब कई बॉलीवुड सेलेब्स हैं. एनसीबी आज दीपिका पादुकोण से सवाल जवाब करने वाली हैं. इन सवाल जवाबों से पहले ये खबर थी कि रणवीर सिंह से एनसीबी को एक अर्जी दी है, जिसमें उन्होंने दीपिका के साथ रहने की मंजूरी मांगी है. हालांकि एनसीबी सूत्रों मे साफ किया है कि उन्हें इस तरह की कोई अर्जी नहीं मिली हैं. दीपिका और रणवीर की एनसीबी की पूछताछ से पहले बढ़ी इन परेशानियों एक्ट्रेस शर्लिन चोपड़ा ने दोनों पर ही ताना मारा है. ड्रग चैट में बॉलीवुड की मस्तानी यानी दीपिका पादुकोण का नाम सामने आने के बाद से एक्ट्रेस शर्लिन चोपड़ा लगातार बॉलीवुड में ड्रग्स कल्चर को लेकर अपने बयान दे रही हैं. हाल ही में उन्होंने एक ट्वीट किया जो खूब वायरल हो रहा है. शर्लिन चोपड़ा ने ट्वीट करते हुए लिखा- यदि आप माल का सेवन नहीं करते हैं, तो 12 वकीलों के साथ सलाह मशविरा करने की जरूरत क्यों पड़ी? सच बोलने वालों को पैनिक या ऍंग्जाइटी अटैक नहीं होते हैं. जहां निडरता हो, वहां डर या भय के लिए कोई जगह नहीं होती है. दरअसल, शर्लिन चोपड़ा ने तंज इसलिए मारा क्योंकि दीपिका पादुकोण की पूछताछ से पहले रणवीर सिंह ने जो अर्जी लगाई है, उसमें उन्होंने कहा कि दीपिका को कभी-कभी घबराहट और पैनिक अटैक आते हैं. इसलिए उन्हें पत्नी के साथ रहने की अनुमति दी जानी चाहिए. रणवीर ने गुहार लगाई है कि वह कानूनी नियमों को जानते हैं कि वह जांच के समय मौजूद नहीं रह सकते, लेकिन एनसीबी कार्यालय के अंदर आने तक की उन्हें अनुमति दी जाए. हालांकि, अभी तक उनके इस आवेदन पर कोई एनसीबी द्वारा कोई फैसला नहीं लिया गया है. शर्लिन चोपड़ा ने कई मीडिया चैनल्स को इंटरव्यू दिए हैं, जिसमें उन्होंने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं. उन्होंने कहा कि बॉलीवुड और यहां की पार्टीज में ड्रग्स का इस्तेमाल होता है. उन्होंने दावा किया है कि उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स की जीत की खुशी में हो रही एक पार्टी में स्टार्स की पत्नियों को ड्रग्स लेते देखा था, जिसको देखने के बाद वो हैरत में पड़ गई थीं. आपको बता दें कि इससे पहले शर्लिन चोपड़ा कास्टिंग काउच को लेकर खुलासा करके भी चर्चा में आ चुकी हैं. उन्होंने बताया था कि वो भी कास्टिंग काउट की शिकार हो चुकी हैं. शर्लिन ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा था कि जब मैंने फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा था तो मुझे कई फिल्ममेकर्स रात में डिनर पर बुलाते थे, तब मुझे यह समझ नहीं आता था और मैं अनुभवी भी नहीं थी.

# तारक मेहता का उल्टा चश्मा में जल्द होगी दया बेन की वापसी



टीवी का पॉप्युलर शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा से दया बेन का किरदार निभाकर सबका दिल जीतने वालीं दिशा वकानी काफी समय से शो से गायब हैं। फैन्स दिशा की वापसी का इंतजार कर रहे हैं। अब खबर आ रही है कि दिशा जल्द ही शो में नजर आ सकती हैं। टेलीचक्कर की रिपोर्ट के मुताबिक, दिशा जल्द ही शो में वापसी करेंगी। अक्टूबर या नवंबर में दिशा को की शूटिंग शुरू करेंगी। बता दें कि कुछ दिनों पहले शो में रोशन सोढ़ी का किरदार निभाने वालीं जेनिफर मिस्त्री बंसीवाल ने दिशा को लेकर बात की थी। जेनिफर ने कहा था कि दिशा अभी अपने परिवार और बेटी के साथ समय बिता रही हैं। उन्होंने कहा था, मुझे दिशा की याद आती है और फैन्स भी उन्हें देखने के लिए इंतजार कर रहे हैं। हालांकि अभी वह जिस सिचुएशन में हैं, उसे मैं समझ सकती हूं क्योंकि कुछ साल पहले मैं भी उनकी जैसी सिचुएशन में थी। वह अपनी बेटी का पूरा ध्यान रखना चाहती हैं, लेकिन मुझे यकीन है कि वह जल्द ही वापस आ जाएंगी। जेनिफर ने आगे कहा था, हमें समझना होगा की परिवार भी बहुत महत्वपूर्ण होता है। वह शादी कर-के अपना परिवार बनाना चाहती थीं और जब वह समय आ गया तो हमें उसे परेशान नहीं करना चाहिए। वह सिर्फ अपने पारिवारिक जीवन का आनंद ले रही हैं और हमें उसे ऐसे ही रहने देना चाहिए। अंजली भाभी का किरदार निभाने वालीं नेहा मेहता ने भी शो छोड़ दिया है। शो छोड़ने के बाद अब यह किरदार सुनैना फौजदार निभा रही हैं।

# वरुण धवन ने शूटिंग शुरू करने से पहले कराया अपना कोरोना टेस्ट



एक्टर वरुण धवन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर और वीडियो पोस्ट किया है। इस तस्वीर में वरुण पीपीई पहने स्वास्थ्यकर्मी के साथ नजर आ रहे हैं। साथ ही वह अपना कोविड टेस्ट के लिए सैंपल देते हुए दिख रहे हैं। कोरोना वायरस के बीच सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए फिल्मों और टीवी सीरियल की शूटिंग शुरू हो चुकी है। वहीं अब बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन भी काम पर लौटने की तैयारी में हैं। लेकिन इससे पहले वरुण धवन ने न सिर्फ अपनी सुरक्षा बल्कि पूरी टीम की सुरक्षा को ध्यान को में रखते हुए अपना कोविड टेस्ट कराया है। इस दौरान का वीडियो शेयर करते हुए वरुण ने इस बात की जानकारी खुद अपने फैंस को सोशल मीडिया पर दी है। वरुण को कोरोना टेस्ट का वीडियो सोशल प्लेटफॉर्म पर वायरल हो रहा है। एक्टर वरुण धवन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर और वीडियो पोस्ट किया है। इस तस्वीर में वरुण पीपीई पहने स्वास्थ्यकर्मी के साथ नजर आ रहे हैं। साथ ही वह अपना कोविड टेस्ट के लिए सैंपल देते हुए दिख रहे हैं। इस पोस्ट को शेयर करते हुए वरुण पे कैप्शन में लिखा, सभी एहतियातों के साथ काम पर लौट रहा हूं। दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी। सभी मेडिकल पर्सनल को मेरा धन्यवाद। वरुण का ये पोस्ट सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया जा रहा है। वहीं फैंस उनके इस पोस्ट पर कमेंट्स करते नजर आ रहे हैं। वहीं फैंस वरुण के इस कदम की सराहना कर रहे हैं और सलामती की दुआ मांग रहे हैं। वरुण धवन के वर्कफ्रंट की बता करें तो वह जल्द ही अपनी अपकमिंग मूवी कुली नंबर 1 में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में उनके अलावा एक्ट्रेस सारा अली खान लीड रोल प्ले करती दिखेंगी। ये फिल्म साल 1995 में रिलीज हुई कुली नंबर 1 का रीमेक है। इस फिल्म का निर्देशन वरुण के पिता और डायरेक्टर डेविड धवन ने किया है। वरुण धवन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते है। वह आए दिन अपनी वर्कआउट की तस्वीरें और वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर शेयर करते हैं। वहीं फैंस उनके इन वीडियो को काफी पसंद करते हैं।

# टीवी सीरियल ये रिश्ता क्या कहलाता है से कायरव ने ली विदाई

टीवी के पॉपुलर शो ये रिश्ता क्या कहलाता है में कायरव का रोल अदा करने वाले चाइल्ड एक्टर तन्मय ऋषि ने शो को अलविदा कह दिया है। इस बात जानकारी खुद उन्होंने अपने फैन्स को सोशल मीडिया पर दी है। उन्होंने एक इमोशनल पोस्ट में बताया कि वह मोहसिन खान और शिवांगी जोशी के साथ शो की पूरी कास्ट को मिस करेंगे। तन्मय ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा-लाइफ में दो चीजें सबसे मुश्किल होती हैं। पहली बार हैल्लो कहना और फिर आखिरी बार गुडबाय बोलना। आखिरकार बाय-बाय ये रिश्ता क्या कहलाता है..शुक्रिया राजन सर। मैं नायरा दीदी और कार्तिक भईया के साथ ये रिश्ता क्या कहलाता है परिवार के सभी क्रू मेंबर्स को मिस करूंगा। चाइल्ड एक्टर तन्मय ने शो में अपने रोल कायरव से दर्शकों के दिलों में जगह बनाने में कामयाब रहे थे। यही कारण है कि उन्हें इंस्टाग्राम पर 80 हजार के करीब लोग फॉलो करते हैं। तन्मय के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को उनकी मां हैंडल करती हैं। टीवी के लंबे समय तक प्रसारित होने वाले टीवी सीरियल्स में से एक ये रिश्ता क्या कहलाता है में इन दिनों नायरा (शिवांगी जोशी) और कार्तिक (मोहसिन खान) की जुदाई का ट्रैक दिखाया जा रहा है। शो में आने वाले ट्विस्ट एंड टर्न्स के कारण यह टॉप-10 शोज की लिस्ट में शुमार रहता है। इसके अलावा मोहसिन खान और शिवांगी जोशी ने अपनी केमेस्ट्री से दर्शकों के दिलों में भी जगह बना ली है। हाल ही में शो के कई कलाकार कोरोना संक्रमित पाए गए थे, हालांकि अच्छी बात यह है कि सभी कोरोना को मात दे चुके हैं।

# ट्रोल्स ने सोनू सूद को बताया 2020 का सबसे बड़ा स्कैम, एक्टर ने दिया मुंहतोड़ जवाब



बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद सोशल मीडिया पर ट्रोल किए जा रहे हैं। दरअसल, ट्रोल्स उन्हें 2020 का सबसे बड़ा स्कैम बुला रहे हैं। इसपर अब सोनू सूद का रिएक्शन आया है। उनका कहना है कि इन बेकार की बातों को पढ़ने का उनके पास समय नहीं है, क्योंकि वह लोगों की मदद करने में व्यस्त हैं। एक न्यूज पोर्टल से बातचीत में सोनू सूद ने कहा कि ट्रोल्स एक मुट्ठीभर लोग होते हैं जो शायद असल में मौजूद ही नहीं होते। ये वे लोग होते हैं, जिन्हें 100-200 अकाउंट्स को हैंडल करने के लिए कुछ पैसे दिए जाते हैं। सोनू सूद कहते हैं कि अगर ये ट्रोल्स ये गिनने बैठ जाएं कि मैंने कितने लोगों की मदद की है, तो इतने समय में उनके बच्चे भी बड़े हो जाएंगे। सोनू सूद का कहना है कि मेरे पास करीब 7,03,200 लोगों के नाम की लिस्ट है जिनसे वह पिछले चार महीनों में जुड़े हैं। उनके घर का पता, फोन नंबर और आधार कार्ड जैसी डिटेल्स उनके पास है। इन ट्रोल्स को उन कमाए हुए पैसों से उन लोगों की मदद करनी चाहिए, जिन्हें इसकी सख्त जरूरत है। बता दें कि सोनू सूद प्रवासी मजदूरों को उनके घर पहुंचाने से लेकर, सर्जरी के लिए पैसे, बच्चों के लिए मोबाइल फोन, बच्चों के लिए किताबों तक का इंतजाम कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे।

## ड्रग चैट केस पर बोलीं रवीना टंडन-

# आसान शिकार हैं सिलेब्रटीज




ड्रग चैट में बॉलिवुड सिलेब्स के नाम आने के बाद ऐक्ट्रेस रवीना टंडन ने कहा है कि ड्रग्स के खिलाफ देशभर में जंग का ऐलान किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह जांच केवल बॉलिवुड तक सीमित नहीं रहनी चाहिए क्योंकि इस मामले में फिल्म इंडस्ट्री के लोग आसान शिकार बन रहे हैं।बॉलिवुड सिलेब्रिटीज के ड्रग चैट्स सामने आने के बाद इस केस में अब तक कई बड़े लोगों से पूछताछ हो चुकी है और कई अन्य स्टार्स से पूछताछ होनी है। फिल्म और टीवी से जुड़े लोगों के नाम सामने आने के बाद ऐक्ट्रेस रवीना टंडन को ऐसा लगता है कि ड्रग्स के मामले में सिलेब्रिटीज आसान शिकार होते हैं और जांच को केवल फिल्म इंडस्ट्री तक सीमित नहीं किया जाना चाहिए।

### सिलेब्रिटीज आसान शिकार

रवीना टंडन ने अपने पिछले ट्वीट के रिऐक्शन में लिखा, 'मेरे ट्वीट में आए 'महान लोगों', बिना लोकल अधिकारियों के आशीर्वाद के कोई ड्रग सप्लाई नहीं हो सकती है। जो बड़ी मछलियां हैं उनसे कोई सवाल नहीं पूछा जाता। अगर एक पत्रकार अपने स्टिंग में एक सप्लायर तक पहुंच सकता है तो अधिकारियों को इसके बारे में कैसे पता नहीं चलता है? सिलेब्रिटीज आसान शिकार हैं।'

### ड्रग्स के खिलाफ जंग का ऐलान

अपने एक अन्य ट्वीट में रवीना ने पूरे देशभर में ड्रग्स के खिलाफ मुहिम चलाए जाने की जरूरत पर जोर देते हुए लिखा, 'सप्लायर्स कॉलेज, स्कूलों, पब, रेस्तरां के बाहर घूमते रहते हैं। ड्रग सिंडिकेट में काफी ताकतवर अधिकारी लोग शामिल होते हैं जो रिश्वत लेकर आंखें मूंद लेते हैं और युवाओं की जिंदगी बर्बाद होने देते हैं। यहीं से इसे जड़ से उखाड़िए। यहीं मत रुक जाइए बल्कि पूरे देश में ड्रग्स के खिलाफ जंग का ऐलान कर दीजिए।'

### अब सफाई का वक्त आ गया है

ड्रग चैट में बॉलिवुड सिलेब्रिटीज का नाम आने के बाद अपने पिछले ट्वीट में रवीना ने लिखा था, 'अब सफाई का वक्त आ चुका है। बेहद स्वागतयोग्य कदम। हम अपनी आने वाली पीढियों और बच्चों की मदद करेंगे। यहीं से शुरू करें, इसके बाद निश्चित तौर पर सभी सेक्टर्स में आगे बढ़ें। इसे जड़ से उखाड़ फेकें। जो भी दोषी, इस्तेमाल करने वाले, डीलर्स और सप्लायर्स हैं उन्हें सजा दें। इसका फायदा उठा रहे बड़े लोग निशाने पर हैं जो दूसरों की तरफ ध्यान दिए बिना उनकी जिंदगी खराब कर रहे हैं।'

दैनिक पुष्पांजली टुडे



बिहार में एक दर्जन बीजेपी विधायकों का कट सकता है टिकट

# अगले सप्ताह जारी होगी पहली लिस्ट

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार तय करने में भाजपा एंटी इनकम्बेंसी फैक्टर पर भी पूरी नजर रखे है। वह ऐसे विधायकों के टिकट काट सकती है, जिनसे जनता नाराज है। पार्टी ने ऐसे लगभग एक दर्जन विधायकों की सूची तैयार की है। इनको लेकर राज्य इकाई के साथ मंत्रणा जारी है। भाजपा उम्मीदवारों की पहली सूची अक्तूबर के पहले हफ्ते में जारी कर दी जाएगी। विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा होने के साथ ही उम्मीदवार तय करने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। राजग के भीतर अभी औपचारिक रूप से भाजपा, जदयू और लोजपा के बीच सीटों का बंटवारा होना बाकी है। हालांकि, हर पार्टी ने अपने-अपने उम्मीदवारों और सीटों की तैयारी शुरू कर दी है। अगले सप्ताह राजग के बड़े नेता सीटों के तालमेल को अंतिम रूप दे सकते हैं। सूत्रों के अनुसार भाजपा की पहली सूची भी अक्तूबर के पहले सप्ताह में जारी की जाएगी। सूत्रों के अनुसार, भाजपा नेतृत्व ने राज्य में मौजूदा विधायकों को लेकर कराए अन्दरूनी सर्वे में लगभग एक दर्जन विधायकों के खिलाफ माहौल का असर सामने आया है। इसे देखते हुए लगभग इन विधायकों पर तलवार लटक रही है। इन



विधायकों के टिकट काटे जाएं या नहीं, इसे लेकर राज्य की राय को केंद्रीय नेतृत्व महत्व देगा, क्योंकि गठबंधन में बहुत सारे पहलू गौर करने पड़ते हैं। भाजपा अपने उम्मीदवारों के साथ सहयोगी दलों के उम्मीदवारों की सूची पर भी नजर रखे हैं। पार्टी की कोशिश है कि ज्यादा से ज्यादा में ऐसे उम्मीदवार हैं, जिनके खिलाफ जनता में किसी तरह की नाराजगी न हो और हो भी तो उसे दूर किए जा सकने की स्थिति भी हो।

**एनडीए में सीटों के बंटवारे पर फैसला जल्द, हर सीट जीतने को बन रही रणनीति**-बिहार विधानसभा की 243 सीटों पर कहां जदयू, कहां भाजपा, कहां लोजपा तथा हम के प्रत्याशी होंगे, इसको लेकर जल्द ही फैसला होने के आसार हैं। विश्वस्त सूत्रों की मानें तो एक अक्टूबर तक एनडीए की ओर से सीट शेयरिंग की विधिवत घोषणा की जाएगी। एनडीए में सीटों के बंटवारे को लेकर लंबे समय से इस घटक के दोनों प्रमुख दल जदयू और भाजपा के बीच मंथन का दौर चल रहा था। शुक्रवार को चुनाव की घोषणा के साथ ही जदयू राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी कहा था कि बहुत ही कम समय में सीटें तय होंगी। हालांकि उन्होंने यह भी कहा था कि आपस में अभी बातचीत नहीं हुई है। पर, चुनाव की तारीखों का एलान हो गया है और हमलोगों के पास बहुत कम समय बचा है। इसलिए जल्द ही सीट शेयरिंग हो जाएगी। भाजपा से हमारा आरंभ से ही अच्छा संबंध रहा है और इसमें कहीं कोई दिक्कत नहीं है।



एनआईए ने अलकायदा के 10वें आतंकवादी को किया गिरफ्तार

## भारत में हमले की बना रहा था योजना

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार को अल-कायदा के संदिग्ध आतंकी समीम अंसारी को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया। एनआईए अधिकारियों के अनुसार मुर्शिदाबाद के जलंगी पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आने वाले नंदपारा कालीगंज निवासी समीम अंसारी को मुर्शिदाबाद न्यायिक अधिकारी (सीजेएम) के समक्ष पेश किया गया और उसको ट्रांजिट रिमांड पर ले लिया गया है। एनआईए ने केरल के एनार्कुलम जिले तथा पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के विभिन्न जगहों से 19 सितंबर को अल कायदा के नौ संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी समीम अलकायदा मॉड्यूल का 10वां आतंकी है। बताया जा रहा है कि गिरफ्तार किए गए संदिग्धों का संपर्क पाकिस्तान से है और इनकी नयी दिल्ली समेत देश के कई सरकारी संस्थानों को निशाना बनाने की योजना थी। एजेंसी के अधिकारियों के अनुसार, संदिग्ध आतंकवादियों से बड़ी मात्रा में हथियार, देश-निर्मित आग्नेयास्त्र, स्थानीय स्तर पर निर्मित शरीर कवच, जिहादी साहित्य और विस्फोटक बनाने के लिए उपयोग किए जाने वाले साहित्य बरामद किए गए हैं। वे दिल्ली-एनसीआर, कोच्चि और मुंबई सहित कई स्थानों पर हमले की योजना बना रहे थे। पिछले हफ्ते नौ संदिग्धों की गिरफ्तारी के बाद जारी एक बयान में एनआईए ने कहा, प्रारंभिक जांच के अनुसार, इन व्यक्तियों को सोशल मीडिया पर पाकिस्तान स्थित अल-कायदा आतंकवादियों द्वारा कट्टरपंथी बनाया गया था और दिल्ली सहति कई स्थानों पर हमले करने के लिए प्रेरित किया गया था। इस उद्देश्य के लिए, मॉड्यूल सक्रिय रूप से धन उगाहने में लगा हुआ था और गिरोह के कुछ सदस्य हथियार और गोला-बारूद खरीदने के लिए नई दिल्ली की यात्रा करने की योजना बना रहे थे।

बिहार चुनाव से पहले सुशांत सिंह राजपूत केस में

## एनसीबी जांच बीजेपी के लिए बनी रक्षक: अधीर रंजन चौधरी

**नई दिल्ली।** सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में राजनीति करने को लेकर कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने शनिवार को भाजपा पर तीखा हमला किया। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की जांच को चौधरी ने बिहार चुनाव से पहले भाजपा का रक्षक करार दिया। चौधरी ने कहा, बिहार में भाजपा के लिए राजपूत मामला इच्छित परिणाम देने में नाकाम रहा, लेकिन अब एनसीबी जांच उसके लिए रक्षक साबित हो सकती है। उन्होंने कहा कि सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अब परिदृश्य से बाहर हैं, अब सारा ध्यान एनसीबी पर है।

**चौधरी ने तंज करते हुए ट्वीट किया**- एनसीबी किसी चीज की



जांच कर रही है? अभी तक कितना मादक पदार्थ बरामद किया गया है? क्या इस मामले में किसी आतंकी का हाथ है? बोगस, कम से कम गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम कानून (यूएपीए) और एनएसए तो लगाना ही चाहिए। अधीर ने आरोप लगाया कि बिहार चुनाव का ऐलान ऐसे किया गया जैसे कि यह बहुत जरूरी है। यह मादक पदार्थों की खोज नहीं हो रही है, निश्चित रूप से एक दयनीय राजनीतिक खेल चल रहा है। बिहार चुनाव के लिए नई सनसनी की आवश्यकता है, यह भाजपा के राजनीतिक और वैचारिक दिवालियापन का शानदार उदाहरण है। लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि लोग जानना चाहते हैं कि सुशांत सिंह राजपूत का हत्यारा कौन है? कौन अपराधी है? लेकिन राजनीतिक मूर्खता जारी है। चुनाव आयोग ने शुक्रवार को घोषणा की कि बिहार विधानसभा चुनाव तीन चरणों - 28 अक्तूबर, 3 नवंबर और 7 नवंबर को होंगे। मतों की गिनती 10 नवंबर को होगी।

## शार्ली हेब्दो के पुराने कार्यालय के पास हमला मामले में सात लोग हिरासत में

**पेरिस।** व्यंग्य पत्रिका शार्ली हेब्दो के पेरिस में पुराने कार्यालय के बाहर चाकू से हमला करने के मामले में संदिग्ध हमलावर समेत सात लोगों को शनिवार को हिरासत में लिया गया। आतंकरोधी एजेंसियां मामले की जांच कर रही हैं। अधिकारियों ने इसे इस्लामी अतिवादी हमला बताते हुए शार्ली हेब्दो पर 2015 में अलकायदा के हमले से जोड़ा है। वर्ष 2015 में आतंकी हमले में 12 कर्मचारियों की मौत हो गई थी। धार्मिक और अन्य चर्चित शख्सियतों पर व्यंग्य करने वाली पत्रिका ने हाल में पैगंबर मोहम्मद पर कार्टून प्रकाशित किए थे। कार्टून को लेकर मुस्लिम समुदाय के कई लोगों ने रोष प्रकट किया था। गृह मंत्री गेराल्ड ड्रामानिन ने बताया कि



शुक्रवार को चाकू मारने के लिए गिरफ्तार किए गए संदिग्ध को एक महीना पहले पेचकस के साथ पकड़ा गया था। हालांकि वह पुलिस की निगरानी में नहीं था। उन्होंने कहा कि पेचकस को हथियार नहीं माना जाता है लेकिन इस बारे में ज्यादा कुछ नहीं बताया। मंत्री ने कहा कि संदिग्ध तीन साल पहले जब संभवतः पाकिस्तान से फ्रांस आया था, उस समय वह नाबालिग था लेकिन उसकी पहचान की पुष्टि की जा रही है। न्यायिक अधिकारियों के मुताबिक शुक्रवार के हमले के बाद सात लोगों को हिरासत में लिया गया लेकिन किसी को भी छोड़ा नहीं गया है। शार्ली हेब्दो के पेरिस में पुराने कार्यालय के बाहर शुक्रवार के हमले में दो लोग घायल हो गए। इनमें से एक व्यक्ति वृत्त चित्र निर्माण कंपनी में काम करता है। गृह मंत्री ने माना कि जिस जगह हमला हुआ, वहां पर सुरक्षा व्यवस्था उतनी मजबूत नहीं थी। उन्होंने सभी महत्वपूर्ण स्थलों की सुरक्षा बढ़ाने का आदेश दिया है।



## ट्रंप ने एमी कोनी बैरेट को सुप्रीम कोर्ट की नई न्यायधीश के रूप में नामित किया

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को एमी कोनी बैरेट को सुप्रीम कोर्ट के नए न्यायधीश के रूप में नामित किया। व्हाइट हाउस में बोलते हुए, ट्रम्प ने कहा, आज सुप्रीम कोर्ट के लिए हमारे देश के सबसे प्रतिभाशाली और प्रतिभाशाली कानूनी दिमागों में से एक को नामित करना मेरा सम्मान है। वह एक अद्वितीय उपलब्धि, बुद्धि, स्टर्लिंग क्रेडेंशियल्स महिला, न्यायाधीश एमी कोनी बैरेट हैं। ट्रम्प ने कहा, यह मेरा तीसरा नामांकन है। यह वास्तव में बहुत गर्व का क्षण है। उन्होंने बैरेट से कहा आप शानदार काम करने जा रही हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, अगर पुष्टि की जाती है, तो जस्टिस बैरेट अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में सेवा देने वाली ऐसी पहली माँ के रूप में इतिहास बनाएंगे जिनके बच्चे स्कूल में पढ़ते हैं। ट्रम्प ने आगे बैरेट की योग्यता के बारे में बात की और कहा कि उनका रिकॉर्ड जबरदस्त है। उन्होंने आइल के दूसरे पक्ष के सभी सदस्यों से आग्रह किया कि वे न्यायाधीश बैरेट को सम्मानजनक और गरिमापूर्ण सुनवाई प्रदान करें। वह हकदार हैं और स्पष्ट रूप से हमारा देश हकदार है। मैं सांसदों और मीडिया के सदस्यों से व्यक्तिगत या पक्षपातपूर्ण हमलों से बचने का अनुरोध करता हूं।

क्या दीपिका, सारा और श्रद्धा की और ड्रग्स चैट्स आएंगी सामने?

# एनसीबी ने जब्त किए तीनों के मोबाइल

**मुंबई।** अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत से जुड़े ड्रग्स केस की जांच में जुटे नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने शनिवार को बॉलीवुड की तीन अभिनेत्रियों दीपिका पादुकोण, सारा अली खान और श्रद्धा कपूर से पूछताछ की। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अधिकारी ने बताया कि दीपिका पादुकोण, श्रद्धा कपूर, सारा अली खान, करिश्मा प्रकाश, रकुल प्रीत सिंह, सिमोन खंबाटा और जया शाह के मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। एनसीबी सभी के मोबाइल फोन को खंगालेगी ताकि वह इस ड्रग्स चैट के पूरे जाल का पर्दाफाश कर सके। आपको बता दें कि बॉलीवुड और ड्रग्स गिरोह के बीच गठजोड़ की जांच में जुटी एजेंसी ने दीपिका से पांच घंटे, सारा से साढ़े चार घंटे और श्रद्धा से छह घंटे तक पूछताछ की। तीनों अभिनेत्रियों से कुल साढ़े 15 घंटे पूछताछ की गई।

सूत्रों के मुताबिक दीपिका का आमना-सामना उनकी मैनेजर करिश्मा प्रकाश से भी कराया गया। करिश्मा प्रकाश से शुक्रवार को भी सात घंटे तक पूछताछ की गई थी। सूत्रों ने कहा कि प्रकाश के वाट्सएप चैट एनसीबी के रडार पर हैं, जिनमें कथित तौर पर डी नाम के शख्स के साथ ड्रग्स को लेकर उनकी कथित बातचीत भी है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि दक्षिण मुंबई के कोलाबा स्थित अतिथि गृह में एनसीबी के समक्ष दीपिका सुबह नौ बजकर 50 मिनट पर पहुंचीं और तीन बजकर 50 मिनट के करीब वहां निकलीं। एनसीबी के सूत्रों ने कहा कि



पूछताछ के बाद दीपिका पादुकोण और करिश्मा प्रकाश दोनों को तीन बजकर 40 मिनट के करीब घर जाने की इजाजत दे दी गई। अतिथिगृह से पहले करिश्मा प्रकाश बाहर आईं और उसके बाद दीपिका बाहर निकलीं। वे अपनी-अपनी गाड़ियों से अलग-अलग रवाना हुईं।

**रणवीर ने दीपिका संग रहने का अनुरोध नहीं किया**-ऐसी खबरें थीं कि दीपिका के पति अभिनेता रणवीर सिंह ने एनसीबी से पूछताछ के दौरान पत्नी संग मौजूद रहने का अनुरोध किया था। हालांकि एनसीबी ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि उन्हें ऐसा कोई अनुरोध नहीं मिला है। संघीय एजेंसी पूर्व में अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती, उनके भाई शौविक और कुछ संदिग्ध ड्रग आपूर्तिकर्ताओं को गिरफ्तार कर चुकी है। 34 वर्षीय सुशांत सिंह राजपूत का शव 14 जून को उनके बांद्रा स्थित अपार्टमेंट में फंदे से लटका मिला था।

**सारा और श्रद्धा से अलग-अलग पूछताछ**-बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर और सारा अली खान भी अलग-अलग समय पर शनिवार को दक्षिण मुंबई के बलार्ड एस्टेट स्थित एनसीबी के क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचीं। श्रद्धा करीब 12 बजे, तो सारा दोपहर एक बजे जांच एजेंसी के समक्ष पेश हुईं। एक अधिकारी ने बताया कि दोनों से जांच एजेंसी ने अलग-अलग पूछताछ की गई। राजपूत की गर्लफ्रैंड रिया चक्रवर्ती से पूछताछ के दौरान सारा का नाम सामने आया था। सारा शाम करीब साढ़े पांच बजे, तो श्रद्धा करीब 5 बजकर 55 मिनट पर एनसीबी कार्यालय से निकलीं। दोनों ही अभिनेत्रियों ने राजपूत के साथ फिल्मों में काम किया है।

**मीडियाकर्मियों के पीछे करने पर रोक**- पुलिस उपायुक्त (जोन-1) संग्रामसिंह निशानदार ने मीडियाकर्मियों से अनुरोध किया कि वे एनसीबी के समक्ष पेश होने वाले कलाकारों के वाहनों का पीछा नहीं करें क्योंकि इससे उनकी व सड़क पर चल रहे अन्य लोगों की जान को खतरा हो सकता है। उन्होंने कहा कि अगर कोई वाहन पीछा करता पाया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर...



### कोरोना से विश्व में हाहाकार, मरने वालों की संख्या 990,000 के पार

**नई दिल्ली।** वैश्विक महामारी कोरोना वायरस संक्रमण का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा और शनिवार को इससे मरने वालों की संख्या बढ़कर 990,000 के पार हो गई है। अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के विज्ञान एवं इंजीनियरिंग केन्द्र (सीएसएसई) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार कोरोना से विश्वभर में अब तक 990,738 मरीजों की मौत हो चुकी हैं वहीं अबतक 3.26 करोड़ मरीज संक्रमित हो चुके हैं। वैश्विक महाशक्ति माने जाने वाले अमेरिका कोरोना से सबसे अधिक प्रभावित है और यहां संक्रमित होने वालों की संख्या 7,065,019 पर पहुंच गयी है और अब तक 2,04,249 लोगों की जान जा चुकी है। 30,000 से अधिक मौतों वाले देशों में ब्राजील और भारत के अलावा मेक्सिको, ब्रिटेन, इटली, पेरू, फ्रांस और स्पेन शामिल हैं। इधर, भारत की बात करें तो शनिवार के आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में कोविड-19 के 85,362 नए मामले सामने आए हैं और 1,089 मौतों के साथ कुल आंकड़ा 59 लाख को पार कर गया है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार कुल 59,03,933 मामलों में से 9,60,969 सक्रिय, 48,49,585 ठीक हो चुके और 93,379 मौतें शामिल हैं। भारत में कोरोना वायरस के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। हर दिन कोरोना वायरस के पॉजिटिव मामले खौफनाक रिकॉर्ड बनाते जा रहे हैं, मगर इस बीच अच्छी खबर भी है। कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों के बीच राहत की बात यह है कि पिछले पांच दिनों से लगातार कोरोना वायरस से ठीक होने वालों की संख्या ने बड़ा उछाल देखने को मिल रहा है। स्वास्थ्य मंत्रलाय द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, पिछले लगातार पांच दिनों में देश में हर रोज सामने आए कोरोना के पॉजिटिव केसों से अधिक रिकवरी करने वालों की संख्या है।

### ब्रिटेन में कोविड-19 लॉकडाउन के विरोध में हजारों लोगों ने किया प्रदर्शन




**लंदन।** कोरोना वायरस का संक्रमण फैलने से रोकने के उद्देश्य से लगाई गई पाबंदियों के विरोध में शनिवार को हजारों लोग हम राजी नहीं रैली में शामिल होने के लिए ट्रैफलगर स्क्वेयर पर एकत्रित हुए। ये लोग छह का नियम का भी विरोध कर रहे थे जिसके तहत पांच से अधिक लोगों के एक साथ एकत्रित होने पर पाबंदी है। मेट्रोपोलिटन पुलिस ने पहले ही वक्तव्य जारी करके कह दिया था कि इस तरह लोगों का जुटना वायरस फैलने से रोकने के लिए बनाए गए नियमों का उल्लंघन होगा। शनिवार को पुलिस की कार्रवाई की अगुवाई कर रहे कमांडर एड एडलेकन ने कहा, अधिकारी लोगों को नियमों के बारे में समझाएंगे, उनसे बात करेंगे और नियमों का पालन करने के लिए उन्हें प्रेरित करेंगे। हालांकि यदि लोग पालन नहीं करते हैं और स्वयं को तथा दूसरों को खतरे में डालना जारी रखते हैं तो अधिकारियों को कार्रवाई करनी होगी। पिछले सप्ताह लॉकडाउन के विरोध में निकाला गया इसी तरह का प्रदर्शन हिंसक हो गया था जिसके बाद 32 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। लंदन के मेयर सादिक खान ने ब्रिटेन की राजधानी में सख्त पाबंदियां लगाने की मांग की थी, उसी के विरोध में शनिवार की यह रैली हुई। ब्रिटेन के कई हिस्सों में पहले से सख्त लॉकडाउन है। इधर, अमेरिका की दवा कंपनी नोवावैक्स ने कोविड-19 के अपने संभावित टीके का ब्रिटेन में बीमारी के आखिरी चरण के स्तर पर किये जाने वाले अहम परीक्षण को शुरू किया है। कंपनी ने इसकी जानकारी दी है। किसी भी टीके का आखिरी स्तर पर परीक्षण उसके विपणन से पहले सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये बड़े स्तर पर किया जाता है। कंपनी का कहना है कि ब्रिटेन में कोरोना वायरस का जो मौजूदा उच्चस्तर है उसमें परीक्षण के परिणाम त्वरित रूप से मिल सकते हैं। कंपनी ने कहा कि इस परीक्षण में वह 18 साल से 84 साल की उम्र के 10 हजार लोगों पर टीके के प्रभाव का अध्ययन करेगी। कंपनी ने कहा कि इनमें से कम से कम 25 प्रतिशत लोग 65 साल से अधिक उम्र के होंगे। कंपनी ने बताया कि यह परीक्षण ब्रिटेन के वैक्सीन टास्कफोर्स की भागीदारी में किया जा रहा है। ब्रिटेन की सरकार ने कोविड-19 के टीके के विकास के काम को तेजी प्रदान करने के लिये इस साल अप्रैल में वैक्सीन टास्कफोर्स का गठन किया था। नोवावैक्स के शोध एवं विकास प्रमुख डॉक्टर ग्रेगरी एम ग्लेन ने कहा, ब्रिटेन में सार्स सीओवी2 के संक्रमण के उच्च स्तर तथा इसके जारी रहने को देखते हुए हम इस बारे में आशावान हैं कि यह महत्वपूर्ण तीसरे चरण का परीक्षण शीघ्र होगा और टीके के प्रभाव को लेकर निकट भविष्य का दृष्टिकोण प्रदान करेगा। यह घोषणा ऐसे समय की गयी है, जब ब्रिटेन में कोविड-19 के मामलों में वृद्धि जारी है। सरकार ने गुरुवार को संक्रमण के 6,634 नये मामले मिलने की सूचना दी। यह महामारी की शुरुआत के बाद किसी भी एकदिन की सर्वाधिक संख्या है। ब्रिटेन इस महामारी से यूरोप में सबसे अधिक प्रभावित है और अब तक इसके कारण देश में करीब 42 हजार लोगों की मौत हो चुकी है।

### समस्याओं का तुरंत समाधान के लिए श्रीलंका के राष्पति ने अधिकारियों से कहा- मौखिक आदेश को परिपत्र मानते हुए काम करें

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने समस्याओं के तुरंत समाधान के लिए सरकारी अधिकारियों को उनके मौखिक आदेशों को परिपत्र की तरह मानकर काम करने का निर्देश दिया है। ऐसा नहीं करने पर दंड के लिए आगाह किया गया है। राष्ट्रपति कार्यालय के मीडिया विभाग द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक, राजपक्षे युवा प्रांत के हलदुम्मुला में वेलनविटा गांव में शुक्रवार को ग्रामीणों के साथ चर्चा मंच को संबोधित कर रहे थे। बयान में उनके हवाले से कहा गया है, सभी मौखिक आदेशों को परिपत्र मानकर काम करें, जो इसे नजरअंदाज करेंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। राजपक्षे ने कहा, मैं आशा करता हूं कि सरकारी अधिकारी लोगों की समस्याओं को समझने का प्रयास करेंगे और समाधान निकालेंगे। मैं सही काम करने वाले और जनता की भलाई में फैसला करने वाले अधिकारियों के साथ हमेशा खड़ा रहूंगा। उन्होंने कहा कि सरकारी संस्थानों को लोगों की समस्याओं का समाधान करने में लंबा समय लग जाता है। राष्ट्रपति ने कहा, अगर एक संस्थान को लिखित सवाल के जवाब में दूसरे संस्थान से 14 दिनों में जवाब नहीं मिलता है तो इसे मंजूर समझना चाहिए।






ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने वार्ड 3 व 5 में 6 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया।

# खजाने की खोज प्रतियोगिता 3 अक्टूबर को

**ग्वालियर।** राज्य-स्तरीय वन्य-प्राणी सप्ताह के तीसरे दिन 3 अक्टूबर को खजाने की खोज प्रतियोगिता में पहले आने वाली 6 टीम पुरस्कार की हकदार होंगी। इस एक्टिविटी में अधिकतम 20 टीम हिस्सा ले सकेंगी। प्रतिभागी टीम को 28 सितम्बर तक अपना रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। राष्ट्रीय वन विहार उद्यान-जू में इस प्रतियोगिता में चार लोगों की एक टीम बनाना होगी। इसके पहले एनरोलमेंट करवाना होगा। सभी टीम को 3 अक्टूबर को सुबह 8.30 बजे प्रतियोगिता स्थल पर पहुँचना होगा। इस एक्टिविटी में एक स्किल और ताकत की जरूरत होगी। इसमें वन्य-प्राणियों के बारे में जानकारी अहम होगी। ऐसे में जो टीम इन तीनों में स्किल नॉलेज और स्ट्रैंथ में सबसे बढ़िया होगी, वह इस एक्टिविटी को सबसे पहले पूरा कर ट्रेजर जीतेगी। उल्लेखनीय है कि ब्रीफिंग के बाद एक्टिविटी शुरू की जायेगी। वन विहार उद्यान में 2 किलोमीटर की लम्बाई में 8 अलग-अलग एक्टिविटी करना होंगी।

# मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे कोरोना योद्धाओं का सम्मान

**ग्वालियर।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान 28 सितम्बर को मिंटो हॉल में सुबह 11 बजे प्रदेश के चिकित्सा क्षेत्र के कोरोना योद्धाओं का सम्मान करेंगे। सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा कोविड-19 महामारी काल में योगदान देने वाले चिकित्सा क्षेत्र के कोरोना योद्धाओं से संवाद होगा। मुख्यमंत्री द्वारा कोविड-19 महामारी काल में योगदान देने वाले सभी चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को सेवा सम्मान एवं प्रशस्ति प्रमाण-पत्र दिये जायेंगे। समारोह में प्रतीकात्मक रूप से कोरोना योद्धाओं में ग्वालियर के लेब टेक्नीशियन दीपक बाथम सहित भोपाल के चिकित्सक डॉ. लोकेन्द्र दवे, डॉ. उमेश शुक्ला, वार्ड बॉय मोहम्मद वसीम, सफाईकर्मी श्रीमती

**ग्वालियर के लेब टेक्नीशियन दीपक बाथम का भी होगा सम्मान**

शिवकली, सागर के सहायक प्राध्यापक मेडिसिन डॉ. मनीष जैन, इंदौर नर्सिंग स्टॉफ की सुश्री जयश्री कुलकर्णी को सम्मानित किया जायेगा। कोरोना योद्धाओं के सम्मान में वीडियो फिल्म का प्रदर्शन भी इस अवसर पर किया जायेगा। कार्यक्रम चिकित्सा शिक्षा एवं लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग और लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी करेंगे। इस मौके पर अपर मुख्य सचिव श्री मोहम्मद सुलेमान, स्वास्थ्य आयुक्त डॉ. संजय गोयल और चिकित्सा शिक्षा आयुक्त श्री निशांत वरवड़े उपस्थित रहेंगे।

## जिले में लगभग 523.2 मि.मी. वर्षा

**ग्वालियर।** इस साल के मानसून में जिले में 523.2 मिमी. औसत वर्षा हुई है। यह वर्षा एक जून 2020 से 27 सितम्बर 2020 के बीच दर्ज की गई है। गत वर्ष इसी अवधि में 829.8 मि.मी. औसत वर्षा हुई थी। ज्ञात हो जिले की सामान्य औसत वर्षा 751.2 मि.मी. है। अगर सामान्य औसत वर्षा से तुलना करें तो जिले में इस साल के मानसून में अब तक लगभग 71.3 प्रतिशत सामान्य वर्षा हो चुकी है। एक जून 2020 से अभी तक जिले के मुरार क्षेत्र में 517.6 मिमी, घाटीगाँव बरई क्षेत्र में 575.9, डबरा क्षेत्र में 581.4 और भितरवार में 418 मिमी वर्षा दर्ज हुई है।

# अदम्य साहस व बहादुरी दिखाने वाले बच्चों को मिलेंगे राष्ट्रीय पुरस्कार

**ग्वालियर।** सामाजिक बुराई एवं आपराधिक घटनाओं से निपटने में अदम्य साहस एवं बहादुरी का परिचय देने वाले बच्चों को भारतीय बाल कल्याण परिषद नईदिल्ली द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार दिए जायेंगे। इसके लिये आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री राजीव सिंह ने बताया कि अदम्य साहस का परिचय देते हुए प्रमाणिक कार्य करने वाले 6 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को यह पुरस्कार दिए जाने हैं। पुरस्कार प्राप्त करने के लिये निर्धारित प्रारूप में आवेदन भरने होंगे। विस्तृत

**30 सितम्बर तक आवेदन आमंत्रित**

जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है। आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में कलेक्ट्रेट के द्वितीय तल स्थित जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास के कार्यालय में 30 सितम्बर तक प्रस्तुत किए जा सकते हैं। इस कार्यालय से भी इस संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## भूतपूर्व सैनिक अपने बच्चों की छात्रवृत्ति के फॉर्म 31 अक्टूबर तक जमा करें

**ग्वालियर।** ग्वालियर एवं दतिया जिले के भूतपूर्व सैनिकों से आग्रह किया गया है कि वे अपने बच्चों की छात्रवृत्ति से संबंधित आवेदन फार्म 31 अक्टूबर तक आवश्यक रूप से जमा करवा दें।

# कोरोना कर्मवीर योद्धाओं व समाजसेविकाओं का सम्मान किया

**ग्वालियर।** महाराज बाड़े पर 2 मिनिट राष्ट्र के नाम कार्यक्रम में संस्कृति सप्ताह के पांचवें दिन राष्ट्र गान के सम्पन्न होने के बाद 11 कर्मवीर कोरोना योद्धाओं व समाज सेविकाओं का सम्मान किया गया यहां सम्मानित होने वाले कोरोना वॉरियर्स में श्रीमती मधु भारद्वाज, अध्यक्ष पंजाबी परिषद समिति रीना गंडोत्रा, उपाध्यक्ष रम्मी आनंद, महामंत्री पंजाबी परिषद समिति श्रीमती प्रीति झा, अध्यक्ष सत्यनारायण मानव विकास सेवा समिति एडवोकेट शिल्पा डोंगरा, गौरवशाली सामाजिक संस्था अनुराधा तोमर, अध्यक्ष बेटी रक्षा मंच शिल्पी सांघी, अध्यक्ष सक्रिय समाज सेवक संघठन कीर्ति मिश्रा, अध्यक्ष बेटियों की आवाज सामाजिक संस्था सीता पाणिग्राही, अध्यक्ष उड़ान वेलफ़ेयर ट्रस्ट एवम प्रदीप शर्मा शिक्षक रहे। राष्ट्र गान प्रभारी गिरीश अग्रवाल जी के द्वारा बताया कि आज का सम्मान भारत विकास परिषद की मातृ शक्ति के द्वारा सभी को स्म्रति चिन्ह व फूल मालाओं के द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम अतिथि प्रान्तीय महिला सहभागिता श्रीमती ज्योति शर्मा के मुख्य आथित्य में हुआ इसमे शाखा संस्थापक व प्रान्तीय संघठन मंत्री संजय धवन जी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम की संयोजिकाओं श्रीमती अलका भारद्वाज, व श्रीमती विम्मी सचदेवा थी। इसी कार्यक्रम में सह कोसाध्यक्ष डॉ राकेश खरे जी का जन्म दिन भी फूलमालाओं व स्मृतिचिन्ह देकर मनाया गया। प्रतिदिन की भांति यहां उपस्थित जरूरत मन्दो को ब्रेड व टोस्ट का वितरण किया गया साथ मे जो मास्क नही लगाए थे उनको मास्क की उपयोगिता समझाकर मास्क का वितरण भी किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था के संस्थापक व प्रान्तीय संगठन मंत्री संजय धवन जी अध्यक्ष गुलाब प्रजापति जी,रास्ट्र गान प्रभारी व उपाध्यक्ष गिरीश अग्रवाल जी,सचिव प्रदीप लक्षणे जी, भूपेंद्र प्रेमी जी, वंदना शर्मा जी, महेश धीमान जी, बसंत कोरेले जी, बी के मिश्रा जी , सतीश राजोरिया जी, प्रेम शिवहरे जी,नवरत्न शर्मा जी, देवेंद्र शिवहरे जी, खत्री जी, व महेश अग्रवाल जी आदि विशेष रूप से उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का सफल संचालन रास्ट्र गान प्रभारी व उपाध्यक्ष गिरीश अग्रवाल जी के द्वारा किया गया।





# अपने धर्म और भगवान पर विश्वास और आस्था होना बहुत जरूरी है : मुनिश्री

**ग्वालियर/दतिया सोनागिर।** विपरीत स्थिति आते ही ज्यदातर लोग अपना धर्म छोड़ इधर-उधर भटकने लग जाते हैं, जो यह दर्शाता है कि तुम्हें अपने धर्म और भगवान पर भरोसा नहीं है। आपका इधर-उधर भटकना कोई पाप नहीं है किंतु ऐसा कर आप अपने धर्म और भगवान का अपमान जरूर कर रहे हो। इसलिए सबसे पहले अपने धर्म और भगवान पर विश्वास और आस्था होना बहुत जरूरी है। यह विचार क्रांतिकारी मुनिश्री प्रतीक सागर महाराज ने आज रविवार को सोनागिर स्थित आचार्यश्री पुष्पदंत सागर सभागृह में संबोधित करते हुए कही !

मुनिश्री ने कहा आपके अंदर इतनी श्रद्धा और आस्था होनी चाहिए कि यदि मुझे मरना भी पड़े तो मर जाऊंगा किंतु मन में तनिक भी संशय नहीं बल्कि अटूट श्रद्धा होनी चाहिए। ऐसी श्रद्धा जिस श्रद्धालु के अंदर धर्म और भगवान के प्रति होगी, उसका दुनिया की कोई भी शक्ति बांल-बांका नहीं कर सकती। उन्होंने यह भी कहा कि संकट के समय भगवान याद आते हैं। यदि केवल संकट के समय भगवान को याद करते हो तो फिर तुम्हारा संकट कम हो ही नहीं सकता। इसलिए हम सभी को अच्छे-बुरे सभी समय में भगवान की भक्ति करते रहना चाहिए।

**नींद गोली और अलार्म सही नहीं**–मुनिश्री ने कहा कि जिस आदमी को सोने के लिए नींद की गोली लेनी पड़े और जागने के लिए घड़ी या मोबाइल में अलार्म लगाना पड़े, उससे दुखी और परेशान आदमी कोई और नहीं हो सकता। दिनचर्या और व्यवहार को ठीक किया जाए।

**जगत और भक्त का कभी मेल नहीं** – मुनिश्री ने कहा कि सच्चा भक्त दुनिया की परवाह नहीं करता। दुनिया क्या बोलती है, सोचती है और करती है, इसकी उसे कोई परवाह नहीं होती। वह तो परमात्मा से कहता है कि हे प्रभु जिसमें तेरी रजा, उसमें मेरा मजा। जगत और भक्त का कभी मेल नहीं हो सकता। सच्चे हो तो किसी की परवाह मत करो।

**पतन का नाम विदेशी संस्कृति**–मुनिश्री ने कहा कि विदेश की संस्कृति का सिद्धांत है रहो होटल में, मरो हास्पिटल में। भारत की महान संस्कृति का सिद्धांत है जिओ शान से, मरो आराम से। मरो तो ऐसे मरो कि सबको याद रहो। विदेशी संस्कृति लर्निंग और अर्निंग सिखाती है। भारतीय संस्कृति लिविंग यानी जीना सिखाती है। भारतीयता को अपनाओ।

**मुनिश्री से समाजजनों ने श्रीफल भेंट कर आर्शीवाद लिया**–चातुर्मास समिति के प्रचार संयोजक सचिन जैन आदर्श कलम ने बताया कि धर्म सभा के पहले समाजजनों ने आचार्य श्री पुष्पदंत सागर महाराज के चित्र के समक्ष दीपप्रज्वलन कर मुनिश्री प्रतीक सागर महाराज के चरणों मे श्रीफल भेंटकर मंगल आशीर्वाद लिया ! प्रवचन के उपरांत मुनिश्री की आरती भी की गई ! मुनिश्री के मंगल प्रवचन प्रतिदिन आचार्य पुष्पदंत सागर सभागृह में आयोजित किए जाएंगे !

# ललिता कहती हैं हमें हर आड़े बक्त में सरकार से सहारा मिला

**ग्वालियर।** असमय किसी अपने के चले जाने से परिवार में जो खालीपन आता है, उसे कोई नहीं भर सकता। पर विपत्ति के समय मिली आर्थिक मदद से परिवार को फिर से खड़ा होने की ताकत जरूर मिलती है। ललिता जाटव कहती हैं कि हमारे परिवार पर जब संकट आया तो प्रदेश सरकार मदद लेकर हमारे दरवाजे पर खड़ी दिखाई दी।

ग्वालियर जिले के ग्राम अड़ूपुरा निवासी श्रीमती ललिता जाटव के पति स्व. दिनेश जाटव मजदूरी करते थे। एक बार बीमार हुए तो फिर बिस्तर से उठ नहीं पाए। ललिता ने सरकारी मदद और अपनी सामर्थ्य से बढ़कर पति का खूब इलाज कराया। मगर वे उन्हें बचा नहीं सकीं। ललिता बताती हैं कि मेरे 10 साल व 8 साल के दो बेटे हैं। पति के असमय चले जाने से बच्चों के लालन-पालन का संकट मुँहबाए खड़ा था। कहीं से कोई आसरा नजर नहीं आ रहा था। ऐसे में मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना ने हमें स्नेहिल सहारा दिया और परिवार को फिर से खड़े होने में बड़ी मदद की है। प्रदेश सरकार से



समय-समय पर मिले सहारे को बताते-बताते ललिता भावुक हो जाती हैं। उनका कहना हैं कि सरकार की कल्याणी योजना के तहत हमें हर माह सामाजिक सुरक्षा पेंशन भी मिलने लगी है। सरकार ने हमें खाद्यान्न पर्ची दी है, जिससे हर माह एक रूपए प्रतिकिलो राशन मिल जाता है, जिससे दो जून की रोटी जुटाने में हमें कोई दिक्कत नहीं होती। इतना ही नहीं राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गाँव में सरकार द्वारा बनवाए गए स्व-सहायता समूह से भी मैं जुड़ गई हूँ। एक बार जब मुझे जरूरी काम के लिये पैसों की जरूरत पड़ी तो अपने समूह से मुझे आसानी से ऋण मिल गया। बाद में हमने मेहनत-मजदूरी कर उस ऋण को चुका दिया। ललिता बताती हैं कि उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह ने जब मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना के तहत मुझे 2 लाख रूपए की अनुग्रह सहायता राशि का स्वीकृति पत्र सौंपा तो ऐसा लगा कि प्रदेश सरकार एक बड़े-बुजुर्ग की तरह सहारा देने हमारे घर आई है। वे कहती हैं कि यह सहायता राशि हमारे बैंक खाते में आ गई है। इस धन को हम ऐसे ही खर्च नहीं करेंगे। इससे अपने बच्चों को पढ़ा-लिखाकर बड़ा आदमी बनायेंगे। ललिता प्रदेश सरकार को दुआएँ देते हुए नहीं थकतीं। वे कहती हैं सरकार ने एक बार नहीं हर जरूरत के समय हमारी मदद की है।

# कर्मचारी एकता से ही मांगों का हो सकता है निराकरण: राजेन्द्र शर्मा

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र शर्मा एवं कोषाध्यक्ष के.वी. मेवाड़े आज अल्पप्रवास पर ग्वालियर पधारे और उन्होंने नवनिर्वाचित तहसील, ब्लॉक एवं जिला के पदाधिकारियों की परिचय बैठक जिला सम्मेलन के रूप में ओल्ड रेस्टहाउस पर ली। मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश मंत्री एवं बीएमएस के जिला महामंत्री सुरेन्द्र सिंह भदौरिया नें विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए बताया कि आज मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला ग्वालियर द्वारा एक जिला सम्मेलन एवं नवनिर्वाचित तहसील, ब्लॉक एवं जिला के पदाधिकारियों की परिचय बैठक के कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में प्रदेश के महामंत्री राजेन्द्र शर्मा, विशिष्ट अतिथि के रूप में सुधीर चतुर्वेदी विधि सलाहकार भारतीय मज़दूर संघ, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री पवन भटनागर, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री के वी मेवाड़े, बीएमएस जिलाध्यक्ष भूदयाल पाठक, जिला महामंत्री बीएमएस एवं प्रदेश मंत्री राज्य कर्मचारी संघ सुरेंद्र सिंह भदौरिया पधारे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुनील दुबे ने की। प्रदेश महामंत्री द्वारा अपने उदबोधन में कर्मचारी एकता, संगठन में समर्पण भावना के साथ कार्य करने पर विस्तार से चर्चा की गई एवं कर्मचारियों की मांगों के निराकरण हेतु शासन स्तर पर चल रही कार्यवाही से अवगत कराया गया। चतुर्वेदी द्वारा कर्मचारियों को संगठन के हित में तत्पर रहने एवं कर्मचारियों की व्याख्या पर चर्चा की गई इस कार्यक्रम में बीएमएस में सीनियर होने के नाते चतुर्वेदी का शॉल, श्रीफल एवं स्मृतिचिन्ह देकर स्वागत किया गया एवं महामंत्री राजेन्द्र शर्मा एवं कोषाध्यक्ष के वी मेवाड़े का भी शॉल, श्रीफल एवं स्मृतिचिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया. कार्यक्रम में गीत अंजना मिश्रा द्वारा लिया गया, स्वागत भाषण जिलाउपाध्यक्ष राजेन्द्र गौर द्वारा किया गया एवं संचालन जिला सचिव दिलीप श्रीवास्तव द्वारा एवं आभार प्रदेश प्रतिनिधि मनोज आर्य द्वारा किया गया। अंत में भारतीय मज़दूर संघ के प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी राकेश चतुर्वेदी के कोरोना से निधन पर एवं राज्य कर्मचारी संघ एवं बीएमएस के सीनियर नेता पूरन बाथम के निधन पर 2 मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष इंद्रपाल निवारिया, श्रीमती मीना भट्ट, ग्वालियर तहसील से दुर्गा सिंह भदौरिया विजय श्रीवास्तव, भितरवार तहसील, ब्लॉक से कृष्णपाल सिंह परमार, इंद्रजीत शाक्य, शैलेन्द्र जाट, डबरा से अनिल पाठक, आशुतोष श्रीवास्तव जिलाउपाध्यक्ष लखनलाल भार्गव, नरेंद्र सिंह कुशवाह, सुनील आर्य, राजेन्द्र शर्मा, सिटी सेंटर तहसील से राणा कुंदन कुमार सिंह, मुकेश शर्मा, मुरार तहसील से अखंड प्रताप, बालविकास विभागीय समिति से श्रीमती बबिता तोमर, पीएचई से सुरेन्द्र सिंह भदौरिया, सुल्तान सिंह नरवरिया, सन्तोष शर्मा सहित सभी तहसीलों एवं जिले के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।




छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

पुष्पांजली टुडे

क्लासिफाइड में अगले दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन की बुकिंग सुबह 10 बजे से सांय 6 बजे तक

डिस्प्ले क्लासिफाइड 25/ रु Sq.Cm.
(Min. size 5×9)
कोर्ट नोटिस / आम सूचना साइज
12×5 - 2000 रु

निःशुल्क
बच्चों के बर्थडे
एवं शादी की सालगिरह
श्रद्धांजलि
शोक संदेश
उठावनी

संपर्क सूत्र : 8269307478,7999246560

P TV NEWS INDIA प्रतिभा हम निखारेंगे

PUSHPANJALI TODAY न्यूज़ नई सोच नई पहल

अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी, लेख, कविताओं को हम देंगे जगह आपके अंदर की प्रतिभा को हम उभारेंगे ।

तो देर किस बात की हमे भेजें अपनी कविता, लेख, कहानियां फिर देश की आर्थिक स्थिति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार

आप हमें व्हाट्सप या मेल भी कर सकते हैं

हमारा उद्देश्य भारत में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकालना।

PUSHPANJALI TODAY न्यूज़ नई सोच नई पहल

Whatsapp :- 9425665944,7999246560, 9691270207
gmail - pushpanjalitoday@gmail.com

नोट - व्हाट्सएप या मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो ओर नाम / पता / अवश्य भेंजे



स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 निगर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478